Discover your divinity with us
A/C Showroom
ज्ञान गंगा ॐ मूर्ति माला केन्द्र
उजाला भवन स्टेशन रोड, दुर्ग
0788-4030383, 3293199
भगवान के वस्त्र, श्रृंगार
मूर्तियां एवं समस्त
पूजन सामग्री
संगमरमर व पीतल की
मूर्तियां राशि रत्न
एवं उपरत्न उपलब्ध

राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...
रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित
समय दर्शन
ESTD : Since 2011
संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर
निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ

श्री
दुर्ग शहर में
सुप्रसिद्ध
ज्योतिषाचार्य
माँ दुर्गा उपासक मां बगुलामुखी, माँ कामख्या, माँ भद्रकाली, माँ शतचंडी की असीम कृपा साधना द्वारा समस्त समस्याओं का मार्ग दर्शन हेतु
पं. एम.पी. शर्मा/
मो. 8109922001
फीस 251/- मात्र
पता:- श्री दुर्गा ज्योतिष कार्यालय
सिकोला भाठा, सब्जी मार्केट के
सामने, धमधा नाका, दुर्ग

वर्ष 13, अंक 321 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये
दुर्ग, सोमवार 16 सितम्बर 2024
www.samaydarshan.in

कांग्रेस ने सेबी चीफ पर लगाया नया आरोप

लिस्टेड कंपनियों में... की ट्रेडिंग-पवन खेड़ा

नई दिल्ली। कांग्रेस की ओर से देश के मार्केट रेगुलेटर सेबी की चीफ माधबी पुरी बुचपर आरोप लगाए जाने का सिलसिला जारी है. कांग्रेस पार्टी की तरफसे माधबी पुरी बुच पर नए आरोप लगाए गए हैं. पार्टी की तरफसे कहा गया कि उन्होंने पद पर रहते हुए लिस्टेड कंपनियों में ट्रेडिंग की. इसके अलावा कांग्रेस ने आरोप लगाया कि बुच ने जियो-पॉलिटिकल टेंशन के बीच चाइनीज फंड्स में 'निवेश' किया. कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि क्या प्रधानमंत्री को पता है कि माधवी पुरी बुच ने भारत के बाहर हाई वैल्यू का निवेश किया है? अगर हां, तो इन्वेस्टमेंट डेट और डिस्क्लोजर डेट क्या है? उन्होंने कहा कि क्या पीएम को पता है कि सेबी चीफ ऐसे समय में चीनी कंपनियों में निवेश कर रहे हैं जब भारत चीन के साथ जियो-पॉलिटिकल टेंशन का सामना कर रहा है?

खराब मौसम और भारी बारिश की वजह से पीएम मोदी सड़क मार्ग से यहां पहुंचे

सोरेन सरकार पर पीएम मोदी का बड़ा हमला-झामुमो के लोग बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के साथ..

रांची/ एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को झारखंड के जमशेदपुर में विशाल जनसभा को संबोधित किया। खराब मौसम और भारी बारिश की वजह से पीएम मोदी सड़क मार्ग से यहां पहुंचे। उन्होंने झारखंड की मौजूदा गठबंधन की सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'झारखंड के तीन सबसे बड़े दुश्मन हैं- झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस। झारखंड के निर्माण का बदला आज भी राजद झारखंड से उतारती है और कांग्रेस को तो झारखंड से नफरत है ही। ये झामुमो वाले, जिन्होंने आदिवासियों के वोट से अपनी राजनीति चमकाई, आज वो किसके साथ खड़े हैं? ये लोग आदिवासियों के जंगल जमीन पर कब्जा करने वालों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो के लोग बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के साथ खड़े हैं। ये घुसपैठिए और कट्टरपंथी झामुमो को भी अपने कब्जे में लेते जा रहे हैं। इनके लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा के भीतर भी घुस गए हैं। जानते हैं ऐसा क्यों हुआ? क्योंकि झामुमो में कांग्रेस का भूत घुस गया है। जब किसी पार्टी में कांग्रेस का भूत घुस जाता है, तो तुष्टिकरण ही उस दल का इकलौता एजेंडा बन जाता है। इसके लिए सबसे पहले ये लोग दलित, आदिवासी और पिछड़ा समाज के हितों की बलि चढ़ाते हैं। यही हाल झामुमो का भी हो रहा है। इससे पहले पीएम मोदी ने कहा कि बारिश कितनी ही तेज क्यों न हो, रुकावटें कितनी ही ज्यादा क्यों न हो, लेकिन कोई भी रुकावट मुझे आपसे अलग नहीं कर सकती है। मैं आपके दर्शन किए बिना वापस नहीं जा सकता हूं, इसलिए सड़क मार्ग से ही आप सबके दर्शन करने पहुंच गया। क्रांति और बलिदानों की ये धरती, भगवान बिरसा मुंडा के तप, त्याग और आशीर्वाद की ये धरती... मैं झारखंड की इस महान धरती को प्रणाम करता हूं। उन्होंने कहा कि आज करमा पूजा के उमंग के बीच यहां आने से पहले मुझे झारखंड को विकास की कई बड़ी सौगात देने का सौभाग्य भी मिला। मैं आप सबको करमा पर्व की बधाई देता हूं। आज झारखंड के हजारों गरीबों को पीएम आवास योजना के जरिए पक्के घर भी मिले हैं। इनमें से ज्यादातर घर मेरी माताओं-बहनों के नाम पर हैं। आज आपका ये भाई करमा पर्व के अवसर पर अपनी बहनों को अपने पक्के घर का उपहार देकर धन्य हो गया है। उन्होंने कहा कि बीते लोकसभा चुनाव में सारा विपक्ष मोदी को हराने के लिए बेचैन था। पूरी जमात, बड़े-बड़े षड़यंत्र, बड़ी-बड़ी साजिशें, झूठ की इतनी बड़ी मशीनरी, देश को बांटने और तोड़ने वाली ताकतें... लेकिन आपका आशीर्वाद उन सब पर भारी पड़ा।

संक्षिप्त समाचार

पीएम आवास पर नन्हें गाय के बछड़े का वीडियो वायरल, दीपज्योति रखा नाम

नईदिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया है जो वायरल हो चुका है. वीडियो में पीएम मोदी अपने आवास पर एक गाय के बछड़े (नव वत्सा) के साथ खेलते दिखाई दिए. प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बछड़े का नाम उन्होंने दीपज्योति रखा है. प्रधानमंत्री ने पोस्ट करते हुए लिखा,हमारे शास्त्रों में कहा गया है- गावः सर्वसुख प्रदा. लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास परिवार में एक नए सदस्य का शुभ आगमन किया है. पीएम आवास में प्रिय गौमाता ने एक नए बछडे को जन्म दिया. उसके माथे पर ज्योति का प्रतीक है. मैंने इसका नाम दीपज्योति रखा है. बीते दिनों प्रधानमंत्री मोदी का मकर संक्राति के अवसर पर गायों को चारा खिलाते हुए वीडियो सामने आया था. पीएम आवास पर कई गाय पाली गई हैं. इनके साथ अकसर मोदी काफी समय बिताते हैं. ये आम गाय से थोड़ी अलग होती है. ये गाय पुंगनूर नस्ल की होती है. यह गाय आंध्र प्रदेश से ताल्लुक रखती है. इनकी हाइट मात्र ढाई से तीन फीट तक की होती है. ये गाय अत्यधिक पौष्टिक दूध प्रदान करती है.

तेलंगाना में एक करोड़ रुपए के नोटों से सजाए गए भगवान गणेश

भद्राद्री। तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडेम जिले के पलवंचा में गणेशोत्सव के दौरान बप्पा को एक करोड़ रुपए के नोटों से सजाया गया। 10 से 500 रुपये के नोटों से तैयार हार और अन्य आभूषणों से लंबोदर को भव्य रूप दिया गया। इस विशेष उत्सव में रामनगर स्थित विनायक मंडपम को विशेष रूप से सजाया गया। गणेशोत्सव की इस अनोखी सजावट को देखने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस इलाके में गणपति का श्रृंगार हर वर्ष कुछ अलग ढंग से होता है। ईस्ट कापू संगम द्वारा आयोजित समारोह में पिछले 28 वर्षों से ये सिलसिला जारी है। भगवान गणेश के पूरे विनायक मंडपम को फूलों और बिजली के लड्डूओं से सजाया गया। लक्ष्मी सप्ताह के अवसर पर यहां विशेष सजावट का भी आयोजन किया गया, जिसे देखने दूरदराज से लोग पहुंचे। श्रद्धालु भगवान के इस भव्य रूप को देखकर हैरान रह गए। चंद्रहार ही नहीं बल्कि कान भी रुपयों से जड़े हैं।

अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे के बाद आप की मांग

दिल्ली में नवंबर में करवाए जाएं चुनाव-मंत्री सौरभ भारद्वाज.....

नई दिल्ली/ एजेंसी

आम आदमी पार्टी कार्यालय में मंत्री सौरभ भारद्वाज और आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। आतिशी ने कहा, 'अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचार को सहन नहीं कर सकते हैं, लेकिन जब उनके ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप लगे तो उन्हें क्या बीती होगी। पार्टी के नेताओं पर पिछले दो साल से लगातार आरोप लग लग रहे हैं, लेकिन अरविंद केजरीवाल की ईमानदारी पर ठप्पा लगा दिया। उन्होंने जांच एजेंसी पर तमाचा मारा है। साथ ही उन्हें निष्पक्ष होना होगा। केजरीवाल ने अपनी जिंदगी लगा दी। वो तब तक मुख्यमंत्री के पद पर नही बैठेंगे, जब तक जनता उन्हें निर्दोष नहीं मान लेती। आतिशी ने आम आदमी पार्टी जल्द चुनाव की मांग करती है। दिल्ली में नवंबर में चुनाव होने चाहिए। मुख्यमंत्री जनता के बीच जाएंगे और संवाद करेंगे। केंद्र सरकार या चुनाव आयोग कभी भी चुनाव कर सकती है। भाजपा परेशान है, वो विधायक को तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। कभी रेड करते हैं, लेकिन कुछ नहीं मिला। भाजपा दो साल से परेशान है। यह जब से परेशान है, जब से उन्होंने पार्टी को तोड़ने की कोशिश की है। बाकी पार्टी के नेता जा सकते हैं भाजपा में, लेकिन आप के नेता नहीं टूटे। भाजपा ने आप के नेताओं और विधायकों को डराने की कोशिश की है। आप नेता दो साल तक जेल में रहे, लेकिन पारित नहीं टूटे। आम आदमी पार्टी की सरकार सभी योजनाओं को पहले की तरह चलती रहेगी।

पानी से लबालब भरे ओल्ड फरीदाबाद रेलवे अंडर ब्रिज को क्रॉस करते समय डूबी कार

फरीदाबाद। हरियाणा के जिले फरीदाबाद के ओल्ड फरीदाबाद रेलवे अंडर ब्रिज के नीचे भरे बरसाती पानी में एसयूवी 700 गाड़ी के डूबने के कारण उसमें बैठे एचडीएफसी के बैंक मैनेजर और कैशियर की बीती रात को मौत हो गई. मृतकों के साथ काम करने वाले बैंक कर्मचारी आदित्य का कहना है कि गुरुग्राम के सेक्टर 31 में एचडीएफसी की शाखा में विराज द्विवेदी बतौर कैशियर के रूप में कार्यरत थे. वहीं पुण्यश्रेय शर्मा बैंक के मैनेजर थे. वे बैंक यूनियन के प्रेसिडेंट भी थे. आदित्य के अनुसार, बीते दिनों जमकर बारिश हुई थी. इस कारण विराज द्विवेदी बैंक मैनेजर को एक्सयूवी 700 गाड़ी में छोड़ने के लिए आ रहे थे.

ताला पुलिस स्टेशन इंचार्ज,एसीजेएम के सामने हुई पेशी

अब 17 सितंबर तक सीबीआई हिरासत में रहेंगे संदीप घोष.......

कोलकाता/ एजेंसी

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर की हत्या के मामले की जांच कर रही सीबीआई ने शनिवार शाम को मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. संदीप घोष और पुलिसकर्मी को गिरफ्तार किया था। दोनों को रविवार को सियालदाह एसीजेएम की अदालत में पेश किया गया। एसीजेएम ने ताला पुलिस स्टेशन प्रभारी अभिजीत मंडल और आरजी कर के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष को 17 सितंबर तक सीबीआई हिरासत में भेजने का आदेश दिया। वहीं रविवार सुबह लोगों ने सीबीआई कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। गिरफ्तार किए गए ताला पुलिस स्टेशन प्रभारी अभिजीत मंडल को मेडिकल जांच के लिए ले जाते वक्त लोगों की सीबीआई अधिकारियों से धक्का-मुक्की भी हुई। आंदोलनकारी तख्तियां और पोस्टर लेकर सीजीओ कॉम्प्लेक्स के बाहर एकत्र हुए। आंदोलनकारियों ने महिला डॉक्टर के लिए न्याय की मांग करते हुए नारे लगाए। मामले में सीबीआई से पहले जांच के तरीके को लेकर पुलिस की आलोचना की। थाना प्रभारी मंडल को सबूतों से छेड़छाड़, एफआईआर दर्ज करने में देरी समेत अन्य आरोपों में गिरफ्तार किया गया है। उन्हें रविवार को सियालदाह की अदालत में पेश किया जाएगा। सीबीआई ने शनिवार शाम को पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और ताला थाने के प्रभारी अभिजीत मंडल को गिरफ्तार किया था। इसके बाद स्वास्थ्य भवन में विरोध प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टरों ने गिरफ्तारी का जश्न मनाया और विरोध स्थल पर गाना गाते हुए दिखाई दिए।

लोगों की जेब हो रही ढीली

लहसुन 500 तो हरी मिर्च ने भी लगाया दिया शतक

ग्रेटर नोएडा। बारिश के कारण सब्जियों के भाव आसमान छू रहे हैं। पिछले 20 दिन के अंदर सब्जियों के दाम दोगुना से अधिक बढ़ गए है। एक तरफ लहसुन जहां 500 रुपये प्रति किग्रा बिक रहा है। वहीं हरी मिर्च ने शतक लगा दिया है और भाव 120 रुपये प्रति किग्रा पहुंच गया हैं। वहीं हरा धनिया, गोभी, प्याज, भिंडी, बंद गोभी, अदरक, आलू, टमाटर, खीरा आदि सब्जियों के भाव में काफी बढ़ोतरी हुई है। वहीं अचानक सब्जियां महंगी होने से लोगों की रसोई से कई पकवान गायब हो गए है। मानसून की बारिश से खेतों में सब्जियां खराब हो रही हैं। पिछले काफी दिनों से लगातार बारिश हो रही है। इस कारण मंडियों तक सब्जी भी नहीं पहुंच रही है। इसी वजह से सब्जियां महंगी हो गई हैं। ग्रेटर नोएडा में सेक्टर अल्फा वन के सब्जी विक्रेता संजय खान ने बताया कि बाजार में सब्जियां कम मात्रा में आ रही हैं। सब्जियों के भाव ज्यादा होने के कारण लोग भी कम खरीद रहे हैं।

अब दिवाली, छठ पर घर जाने की नहीं होगी टेंशन, 100 स्पेशल ट्रेनों का मिला तोहफा

नईदिल्ली। अपने घर से दूर नौकरी व व्यापार करने वाले लोगों के लिए खुशखबरी है. क्योंकि अब उन्हें दीवाली और छट पूजा में घर जाने की चिंता नहीं करनी है. इस बार रेलवे ने पहले ही दोनों बड़े त्योहारों पर 100 स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है. ताकि किसी को भी ट्रेन में सीट न मिलने की वजह से अपने घर जाने का प्लान कैसिल करना पडे. यही नहीं जरूरत पड़ने पर ट्रेनों की संख्या बढ़ाने पर भी विचार किया जा सकता है.. आपको बता दें कि दिवाली, दुर्गा पूजा, छठ पूजा के लिए अभी से रेलवे ने एडवांस रिजर्वेश खोल दिये हैं.

छत्तीसगढ़ में अंधविश्वास की भेंट चढ़ा एक और परिवार

जादू-टोना के शक में 5 लोगों की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर बेरहमी से हत्या,5 आरोपी गिरफ्तार

सुकमा/ संवाददाता

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में जादू-टोना के शक में एक ही परिवार के 5 लोगों की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतकों में 3 महिलाएं और 2 पुरुष शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुटी है। इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। चार दिन पहले भी बलौदाबाजार जिले में कुछ ऐसा ही मामला सामने आया था। यहां भी जादू टोने के शक में एक ही परिवार के 4 लोगों की हत्या कर दी गई थी। मिली जानकारी के अनुसार यह दिल दहला देने वाली घटना कोंटा थाना क्षेत्र के एतकल गांव की है। यहां जादू-टोना के शक में एक ही परिवार के 5 लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गई है। मृतकों की पहचान मौसम कन्ना, मौसम बुच्चा, मौसम बिरी, करका लच्छी और मौसम अरजो के रूप में हुई है। पुलिस ने घटना में शामिल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मौके पर पुलिस की टीम मौजूद है। पुलिस सभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है। सुकमा जिले की पुलिस ने हत्या की इस वारदात में शामिल सवलम राजेश, सवलम हिडमा, कारम सत्यम, कुंजाम मुकेश और पोड़ियाम एंका को हिरासत में लिया है। सभी आरोपी एतकल गांव के ही निवासी है। घटना स्थल में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी पहुंच चुके हैं। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि सभी मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। इस मर्डर कांड में शामिल पांच आरोपियों को गांव से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद सीनियर अधिकारी मौके पर पहुंचे।

दो दिन में इस्तीफा दूंगा,पार्टी विधायक नया मुख्यमंत्री चुनेंगे

सीएम अरविंद केजरीवाल का दिल्ली सीएम पद छोड़ने का ऐलान

नई दिल्ली। एजेंसी

दो दिन पहले जमानत पर तिहाड़ जेल से बाहर आए दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि वे 2 दिन में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने मुझ पर बेईमानी, भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। अब जनता की अदालत में मेरी ईमानदारी का फैसला होगा। दो-तीन दिन में विधायकों की बैठक में नया मुख्यमंत्री चुना जाएगा। चुनाव तक मैं मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा। केजरीवाल ने कहा कि मनीष सिसोदिया पर भी वही आरोप हैं, जो मुझ पर हैं। उनका भी यही सोचना है कि वे भी पद पर नहीं रहेंगे। अब विधानसभा चुनाव जीतने के बाद ही पद संभालेंगे। केजरीवाल आम आदमी पार्टी के दफ्तर में बोल रहे थे। बता दें कि दिल्ली शराब नीति केस में मनी लॉन्ड्रिंग मामले को लेकर अरविंद केजरीवाल को 21 मार्च को श्वष्ठ ने गिरफ्तार किया था। 10 दिन की पूछताछ के बाद उन्हें 1 अप्रैल को तिहाड़ जेल भेजा गया। 10 मई को 21 दिन के लिए लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए रिहा किया गया। ये रिहाई 51 दिन जेल में रहने के बाद मिली थी। 2 जून को केजरीवाल ने तिहाड़ जेल में सरेंडर कर दिया था। शराब नीति केस में भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में सीबीआई ने उन्हें 26 जून को गिरफ्तार किया था। 13 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जमानत दी। इस तरह से वे 156 दिन जेल में रहे। केजरीवाल सभा में भगत सिंह की जेल में लिखी किताब भगत सिंह की जेल डायरी लेकर पहुंचे। कहा कि भगत सिंह के खत अंग्रेज बाहर ले जाते थे। मैं जेल में था, मेरी चिट्ठी एलजी तक नहीं पहुंचाई गई। मुझे धमकाया गया कि दोबारा ऐसा ना करूं। केजरीवाल ने कहा कि भगत सिंह के बाद 90-95 साल बाद आजाद भारत में एक क्रांतिकारी मुख्यमंत्री जेल गया। 15 अगस्त से 3 दिन पहले एलजी से कहा था कि मेरी जगह आतिशी को तिरंगा फहराने दिया जाए। चिट्ठी एलजी तक नहीं गई। दिल्ली सीएम ने कहा कि जब 14 साल के बाद भगवान राम वनवास से लौटे तो माता सीता को अग्नि परीक्षा देनी पड़ी थी। आज मैं अग्निपरीक्षा दूंगा। केजरीवाल ने कहा कि मैं सभी नॉन भाजपा सीएम से प्रार्थना करता हूं। अगर पीएम जेल भेजें तो इस्तीफा मत देना। हम सबको मिलकर लड़ना है। बहुमत से सरकार आई और मुख्यमंत्री ने इस्तीफा दे दे। इनका फॉर्मूला आम आदमी पार्टी ने फेल कर दिया। केजरीवाल बोले- फरवरी में चुनाव हैं, मैं मांग करता हूं कि चुनाव नवंबर में कराए जाएं। महाराष्ट्र के साथ चुनाव हों। आपका फैसला आने तक मैं जिम्मेदारी नहीं संभालूंगा। आम आदमी पार्टी से कोई और मुख्यमंत्री बनेगा। दिल्ली शराब नीति केस में अरविंद केजरीवाल 177 दिन बाद जेल से जमानत पर बाहर आए। सुप्रीम कोर्ट ने शर्त रखी कि वो सीएम ऑफिस नहीं जाएंगे और ना ही किसी फाइल पर साइन करेंगे।

केजरीवाल की जगह कौन होगा दिल्ली की सीएम?

आतिशी का नाम इस लिस्ट में सबसे आगे है। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी कालकाजी सीट से विधायक हैं। आतिशी दिल्ली सरकार में शिक्षा, उच्च शिक्षा, टीटीई, वित्त, योजना, पीडब्ल्यूडी, जल, बिजली, सेवाएं, सतर्कता, जनसंपर्क मंत्री हैं। सीएम केजरीवाल ने अपने इस्तीफे के एलान से पहले भी आतिशी का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मैंने जेल से एलजी के पत्र लिखा था कि स्वतंत्रता दिवस पर झंडा फहराएंगी। लेकिन वो चिट्ठी वापस कर दी गई और साथ में यह भी कहा गया कि कि अगर फिर से चिट्ठी लिखी तो परिवार से मुलाकात बंद हो जाएगी। वहीं, आतिशी के साथ-साथ सौरभ भारद्वाज नाम भी सामने आ रहा है। वे दिल्ली की ग्रेटर कैलाश सीट से विधायक हैं। सौरभ दिल्ली सरकार में स्वास्थ्य, शहरी विकास और पर्यटन मंत्री हैं।

संक्षिप्त समाचार

रेत माफियाओं से पूरा प्रदेश हलाकान, चाकूबाजी-गुंडागर्दी और हत्या चरम पर : सोलंकी

राजनांदगांव (समय दर्शन)। डीजल एवं आवश्यक वस्तुओं की बेतहाशा मूल्य वृद्धि को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता इकरामुद्दीन सोलंकी ने बीजेपी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि पिछले 9 माह में ही भारतीय जनता पार्टी की सरकार के जनविरोधी फैसलों ने सुशासन की पोल खोल दी है। जनसेवा की भावना के साथ काम करने की जगह प्रदेश को बीजेपी का एटीएम बना दिया गया है और आवश्यक वस्तुओं में मूल्य वृद्धि कर आमजनता से वसूली की जा रही है। सबके सर पर छत व पक्के मकान का सपना दिखाकर सीमेंट का रेट रातों-रात 50 रूपये प्रति बोरा बढ़ा दिया गया, रेती के दामों में 4 गुना वृद्धि देखी जा रही है। कांग्रेस सरकार द्वारा रजिस्ट्री की दरों में दी जाने वाली 30 प्रतिशत की छूट को भी खत्म करते हुए रियल स्टेट कारोबार में मंदी लाने का प्रयास किया जा रहा है। कृषि के बाद सर्वाधिक रोजगार रियल स्टेट के कारोबार से मिलता है, जिस पर लगातार कुठाराघात किया जा रहा है। बिजली बिल हाफयोजना की जगह अब दोगुना बिजली बिल योजना चलाया जा रहा है। पेट्रोल-डीजल, खाद्य तेल, सब्जियों के दामों में अप्रत्याशित वृद्धि से लोगों का बजट गड़बड़ाया हुआ है। सरकार को जनहितैषी योजनाओं में राजनीति नहीं करनी चाहिए। अगर विगत 9 माह पर गौर किया जाए तो प्रदेश में अपराध का ग्राफ भी प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। ऐसा एक दिन भी नहीं गुजरता जब प्रदेश में हत्या, बलात्कार या गैंगरेप की घटना ना हुई हो। महिलाओं में असुरक्षा का माहौल है, जो चिंता का विषय है। श्री सोलंकी ने कहा कि जनभावनाओं के अनुरूप बढ़ते दामों के खिलाफ कांग्रेस जनता के हितों की अनदेखी कहीं भी बर्दाश्त नहीं करेगी। राज्य सीमेंट निर्माण में पूरी तरह आत्मनिर्भर है, उसके बावजूद सिंडिकेट बना कर सीमेंट और रेत की दरों में वृद्धि कहीं ना कहीं अवैध वसूली को इंगित करता है। सीमेंट की बढ़ी कीमतों को तत्काल काम किया जाना चाहिए एवं सरकार को चुनावी राज्यों के लिए पार्टी फंड जुटाने की जगह जनता के हितों को ध्यान में रख कर काम करना चाहिए।

साइंस कॉलेज मे अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन

दुर्ग (समय दर्शन)। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन किया गया । कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीना मान ने संबोधित करते हुए कहा की ,यह दिन हमें याद दिलाता है कि शिक्षा का अर्थ सिर्फ पढ़ने लिखने से ही नहीं है बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक विकास की नींव भी है।छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. तरुण कुमार साहू सर ने उद्बोधन करते हुए कहा कि शिक्षा मानव जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। किसी भी समाज और देश के विकास के लिए शिक्षा जरूरी है। प्राणीशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक अनुराग मिश्रा सर के द्वारा स्वयंसेवकों को साक्षर बनाने हेतु बौद्धिक परिचर्चा के दौरान बच्चों को प्राथमिक स्तर से लेकर उच्च स्तर तक की मानसिक स्थिति एवं शारीरिक स्थिति के साथ-साथ साक्षरता मिशन पर जोर दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु दलनायक रितिक यादव स्वयंसेवक सतएक , द्रविण, मीनेश, मो.आदिल एवं रागिनी, तारनि,भावना अन्य ने सक्रिय रूप से भूमिका निभाई।

कोलता समाज का नुआखाई मिलन समारोह आज बेलडीह में

सरायपाली (समय दर्शन)। बाबा बिशासहे कुल कोलता समाज संभाग रायपुर के कुल कार्यकारिणी सभा का नुआखाई मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन 16 सितंबर को ग्राम बेलडीह शाखा सभा गिरना में रखा गया है । सम्मेलन का शुभारंभ प्रात: 10 बजे मां रामचंडी की पूजा अर्चना के साथ किया जायेगा। तत्पश्चात सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले उत्कृष्ट विद्यार्थी, कृषक, व्यापारी, खिलाड़ी, सामाजिक कार्यकर्ता, पर्यावरणविद्, मैकेनिक, चिकित्सक, वादक, गायक, शिक्षक, पुलिस, भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान किया जाएगा। अतिथियों के उद्बोधन पश्चात नुआखाई जुहार भेंट का कार्यक्रम एवं अंत में सामूहिक भोज का कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

रंग झरोखा का सांस्कृतिक यात्रा का सफर शुरू, दुष्यंत हरमुख पूरी टीम के साथ देते है प्रस्तुति

छग के लोक संस्कृति को देश दुनिया में बिखेर रही है रंग झरोखा की टीम

पाटन (समय दर्शन)। छत्तीसगढ़ की संस्कृति को अपनी कला के माध्यम से प्रदेश व देश के कोने कोने तक प्रसारित कर रही छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक संस्था रंग झरोखा की इस सीजन की कला यात्रा 15 सितंबर से प्रारंभ हो रही है। गणेश व नवरात्र पक्ष में विभिन्न जगहों पर प्रस्तुतियां दी जाएगी।

छत्तीसगढ़ की संस्कृति को मंचों के माध्यम से प्रस्तुति देने वाली संस्था के कलाकार नई गीतों व नृत्यों पर लगातार कार्यशाला आयोजित कर अपनी प्रतिभा निखार रहे हैं। संस्था के संचालक प्रसिद्ध संगीत निर्देशक दुष्यंत हरमुख व गायिका स्वर साम्राज्ञी रिंकी देवांगन के साथ कलाकार आगामी कार्यक्रमों की तैयारी में पूरी तरह से जुट गए हैं।

प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक संस्था रंग झरोखा की प्रस्तुति 15 सितंबर को भैसा (बलौदा बाजार), 16 गोढ़ी कुम्हारी, 17 सितंबर को रौचन (कवर्धा), 19 सितंबर को चारामा में दी जाएगी। इसी तरह 04 अक्टूबर को अमलीपदर, 05 अक्टूबर को माड़ी धाम (राजनांदगाव), 06 अक्टूबर को कुरुद, 07 अक्टूबर को सुहेला, 08 अक्टूबर को कोड़का छुईखदान, 09 अक्टूबर को सहसपुर लोहारा, 10 अक्टूबर को सल्हेटोला (चारामा), 11 अक्टूबर को रसमड़ा, 12 अक्टूबर को टिकरापारा (रायपुर), 13 अक्टूबर को उमरपोटी, 14 अक्टूबर को ढाबा (गंडई), 15 अक्टूबर को केसकाल, 16 अक्टूबर को परसाडीह (जैजैयपुर), 20 अक्टूबर को घोटिया (बालोद), 03 नवंबर को हल्दी (बेलौदी), 04 नवंबर घटियाकला (अहिवारा), 05 नवंबर रिसामा, (अंडा), 14 नवंबर मोखला (राज.), 22 दिसंबर तेंदुआ (रायपुर), 19 जनवरी 25 नंदिनी खुदनी कार्यक्रम आयोजित होगा।

अभ्यास से निखरती है कलाकारों की प्रतिभा - रंग झरोखा में गीत से लेकर संगीत व नृत्य पक्ष के सारे कलाकार मंजे हुए कलाकार हैं। प्रस्तुति के पहले लगातार अभ्यास से कलाकारों की प्रतिभा और निखर जाती है। संस्था प्रत्येक वर्ष नई-नई गीतों की प्रस्तुति देने के लिए प्रसिद्ध है। यही वजह है कि कई जगहों पर यह आयोजन प्रत्येक वर्ष होता है। संस्था के संचालक दुष्यंत हरमुख कई छत्तीसगढ़ी फिल्मों में संगीत का निर्देशन कर चुके हैं। वे प्रमुख गायक के रूप में भी संस्था में अपनी प्रस्तुति देते हैं, संस्था की प्रमुख गायिका रिंकी देवांगन की आवाज से श्रोतागण झूम उठते हैं। संस्था की सभी प्रस्तुतियां छत्तीसगढ़ी संस्कृति को जन-जन तक प्रसारित करती दिखती है।

फूहड़ता से दूर है रंग झरोखा - रंग झरोखा एक ऐसी संस्था है जो फूहड़ता से दूर है। इन दिनों कई ऐसी संस्थाएं हैं जो फूहड़ता के लिए प्रसिद्ध है लेकिन रंग झरोखा की सारी प्रस्तुतियां संस्कारवान होती है। प्रहसन भी इस तरह होते हैं जो लोगों को तो गुदगुदाते ही हैं, छत्तीसगढ़ की संस्कृति के अलावा जन जागरूकता को लेकर बेहतर संदेश देने वाले भी होते हैं। प्रत्येक गीत किसी विशेष भाव को लिए हुए होती हैं। भाव पक्ष के कलाकार मंचों पर इसे बेहतरीन बना देते है।

गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए नदी पर निगम अधिकारी/कर्मचारी रहेंगे तैनात

भगवान श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन हेतु निर्धारित किये गये तालाबो पर ही विसर्जन करें : आयुक्त

दुर्ग (समय दर्शन)। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा गणेश उत्सव के दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर विराजे भगवान गणेश की प्रतिमाओं को पूर्ण विधि-विधान के साथ विसर्जित कराने के लिए अनन्त चतुर्दशी पर नगर निगम द्वारा विसर्जन शिवनाथ नदी सहित शहर के कुछ तालाबो को चिन्हित कर व्यापक व्यवस्थाएं की हैं। उक्त व्यवस्था के संपादन के लिए विसर्जन समाप्ति तक निरंतर सुनिश्चित कराने के लिए कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम को नोडल अधिकारी के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है।विसर्जन कार्यक्रम स्थल पर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाकर मूर्ति विसर्जन हेतु पहुंच मार्ग, समतलीकरण, अस्थाई कुण्ड निर्माण, वाटर फ्रुफ शमियाना एवं कुर्सी, टेबल की व्यवस्थाएं देखेंगे।

महापौर धीरज बाकलीवाल ने गणेश विसर्जन को लेकर नागरिको से अपील की हैं कि नदी व वार्डो के तालाबो में निगम द्वारा बनाये गए कुंड में ही पूजन सामग्री के एकत्रीकरण में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि वार्डो के तालाबो में चिन्हित स्थानों पर अस्थायी पर्यावरण हितेषी कुण्ड रखें गए है।साथ ही नागरिको को पर्यावरण सुरक्षा व जल प्रदूषण को रोकने की दृष्टि से विसर्जन से पूर्व भगवान श्री गणेश प्रतिमा की पूजन सामग्री यथा माला,वस्त्र ,नारियल,फूल व पत्ती को एक कुंड पर विसर्जन करने की अपील भी की गई है।उन्होंने कहा कि भगवान श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन हेतु तालाब निर्धारित किये गये वही पर विसर्जन करें।

निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने नगर निगम व पुलिस प्रशासन के आपसी समन्वय से व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने तैनात किया है। निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने शहर पर समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं विधिवत पारम्परिक रूप से समय सीमा में पूर्ण कराने का दायित्व संबंधित अधिकारी/कर्मचारियो को सौंपा है। यह अधिकारी/कर्मचारी इन पुलगांव वार्ड 55 शिवनाथ नदी गुरुद्वारा के निकट, महमरा घाट,शक्ति नगर, सतरूपा शीतला कसारीरीडीह तालाब,वार्ड 57 व 58 पौण्ड के पास तालाब पर तैनात रहेंगे।

मोहदा स्कूल के 12 बच्चों का खो-खो में संभाग स्तरीय चयन

सरायपाली (समय दर्शन)। शास हायर सेकंडरी स्कूल, मोहदा के 12 बच्चों का चयन खो खो हेतु संभाग स्तरीय चयन हुआ। जानकारी के अनुसार जिला स्तरीय खो-खो खेल का आयोजन जिला महासमुन्द में किया गया था, जिसमें मोहदा स्कूल के बच्चे संस्था के प्राचार्य टी सी पटेल के परामर्श एवं पी टी आई टीचर करुणा साहू के मार्गदर्शन में पहले ब्लॉक स्तरीय तथा जिला स्तरीय मोहदा स्कूल के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अंडर 17 में 11 खिलाड़ियों का एवं 1 बच्चे का अंडर 14 में चयन रायपुर(लरधा) में हुआ है। इनमें कु. जमुना कैवर्त, खुश्बू कैवर्ट, रानू कैवर्त, किरण कैवर्त, तनुजा राणा, प्रतिमा कैवर्त, योगेश बाघ, कृष्णा कैवर्त, हेमंत राणा, डिलेश बाघ, संदीप कैवर्त,का चयन हुआ। विदित है कि मोहदा स्कूल से प्रतिवर्ष खो-खो खेल में संभाग स्तर एवं राज्य स्तर बच्चों का चयन होता हैं।इनके चयन से विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकगण तथा शाला विकास समिति ने हर्ष व्यक्त किया है एवं इनके उज्ज्वल भविष्य की शुभाकमनाएं दी। साथ में आए अन्य स्कूल अतिथि पी टी आई टीचर विजय पटेल, वासुदेव पटेल, कुमार आदित्येन एवं संस्था के शिक्षक गण के साहू, एम आर पटेल, बी एल यादव,एच आर चौधरी, वी पी गुप्ता, आर यादव, एस साव, ने शुभकामनाएं दी।

ओपी के सागरपाली आगमन पर भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों ने की आत्मीय स्वागत

शंकर लहरे/ सरायपाली (समय दर्शन)। वित्त एवं आवास मंत्री ओपी चौधरी के सागरपाली आगमन पर ग्रामीणों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर सोहन पटेल की अगवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सरायपाली-सरसीवां मार्ग का नए सिरे से मरम्मत करने संबंधी मांग पत्र सौंपा गया। जिस पर ओपी चौधरी ने बरसात के बाद मरम्मत कराए जाने का आश्वासन दिया। यह ज्ञातव्य हो कि रायगढ़ से रायपुर जाते समय पूर्व जनपद सदस्य एवं युवा भाजपा कार्यकर्ता सोहन पटेल के आग्रह पर कुछ समय के लिए सागरपाली में रुककर ग्रामीणों से भेंट मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना तथा स्कूली छात्रों, शिक्षकों एवं महिलाओं से मुलाकात कर सरकार के कामकाज एवं योजनाओं की जानकारी भी ली। ग्रामीण ओपी चौधरी के इस मिलन सरिता एवं सहज एवं सरल स्वभाव कायल हो गए। ओपी चौधरी ने भाजपा कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात कर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान की जानकारी ली तथा सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोग देने कहा। इस अवसर पर गोपाल पटेल, रूपलाल नंद, तरुण अग्रवाल, रमेश साहू, लालप्रसाद चौहान, बाबूलाल पटेल, मेघनाथ यादव, सेतकुमार पटेल, भागीरथी पटेल, रविलाल, केदार बंजारा, भोजराज बाग, प्रधान पाठक पुरुषोत्तम लाल, शिक्षक उस्ताद अली, मुरलीधर पटेल, अभिमन्यु चौहान, सुधा चौरसिया, वेदांती पटेल, श्वेता चौहान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ी संगीत की दुनिया में सावन मतावय का जादू

राजनांदगांव (समय दर्शन)। मुंबई के सुप्रसिद्ध संगीतकार अर्नब चटर्जी के संगीत निर्देशन में और सुप्रसिद्ध गीतकार चम्पेश्वर गोस्वामी की कलम के जादू से सजा हुआ सावन मतावय गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर ट्रियो डिजिटल स्टूडियो से रिकॉर्ड करके एएसएन सिनेमैजिक यूनिवर्स कंपनी मुंबई में रिलीज किया गया है। इस गीत ने संगीत प्रेमियों के दिलों में अपनी खास जगह बना लिया है।

गौरतलब है कि- सावन मतावय को जहां अर्नब चटर्जी के बेहतरीन संगीत ने चार चांद लगाए हैं, वहीं चम्पेश्वर गोस्वामी की काव्यात्मक लेखनी ने इसे और भी प्रभावशाली बना दिया है। इस गीत की धुन बेहद मधुर और उत्साहवर्धक है जो श्रोताओं को मिट्टी की सौंधी खुशबू और हरियाली से भरी प्रकृति का चित्रण कराती है।

सावन मतावय की पूरी टीम के सामूहिक प्रयास और समर्पण से यह अद्भुत गीत तैयार किया गया है। गायक, संगीतकार अर्नब चटर्जी और गायिका पामेला जैन ने अपनी आवाज से इसे सजाया है, वहीं संगीतकार अर्नब चटर्जी ने सुरों की धारा बहाई है, गीत में सरगम का प्रयोग अद्भुत है। सह गायिका अयना बोस चटर्जी व शेफाली नायडू ने अपनी आवाज से इस गीत को और प्रभावशाली बनाया। की-बोर्ड पर शिवम बागची, रिदम प्रोग्रामिंग और वादन में हर्ष नासेरी, गिटार पर यश नायडू ने संगीत में जान डाली है।

ऑडियो निर्माता अयना बोस चटर्जी और नैना नासेरी और वीडियो निर्माता-निर्देशक आशीष नायडू के योगदान ने इसे संपूर्ण रूप दिया है। ध्वनि इंजीनियर तपन देवांगजी ने इसे उच्च गुणवत्ता में प्रस्तुत किया है। सावन मतावय की पूरी टीम की मेहनत से सावन मतावय साकार हो सका है, जो हर मौसम में सावन को याद दिलाएगा।

सावन मतावय झूमते पेड़ों, बरसती बारिश और प्रेम के भावों को संगीत में पिरोया गया है। गीत की मधुर धुन और लोक भाषा में रचा-बसा इसका सरल शब्दांकन इसे जन-जन का प्रिय बनाता है, जो सुनने वालों के मन को सुकून और आनंद से भर देता है, यह गीत व्यूज से परे अपना अलग ही व्यूज रखता है, जहां एक तरफ लोग व्यूज के पीछे भागते हैं, वहीं यह गीत मिल का पत्थर साबित होगा।

डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना का नाम यथावत रखने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन, मांग पूरी नहीं होने पर होगा राजधानी में जंगी प्रदर्शन

Sep 10, 2024, 14:44

पाटन (समय दर्शन)। स्वास्थ्य एवं परिवार परिवार कल्याण विभाग द्वारा हाल ही में डॉक्टर खूबचंद स्वास्थ्य सहायता योजना का नाम परिवर्तित कर शहीद वीर नारायण स्वास्थ्य सहायता योजना कर दिया गया है योजना का नाम परिवर्तन के बाद से लगातार कुर्मी समाज और उसके बाद अब सर्व समाज ने भी योजना का नाम यथावत रखने की मांग को लेकर सभी जिले के कलेक्टर को ज्ञापन सौपा है । पाटन राज प्रधान युगल किशोर आडिल ने कहा की वर्तमान सरकार महापुरुषों का नाम परिवर्तित कर उसका अपमान कर रही है महापुरुष साधु संत किसी एक जातीय समाज के नहीं होते उनके आदर्शो और बताए रास्तों में सभी समाज के लोग चलते हैं सरकार अब छत्तीसगढ़ में जातिगत राजनीति कर एक जाति को दूसरी जाति से लड़ाने की कोशिश कर रही है छत्तीसगढ़ की शांत वातावरण को अशांत कर अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने की कोशिश में लगी है शहीद वीर नारायण सिंह प्रदेश के गौरव एवं हम समस्त प्रदेशवासियों के लिए सदैव वंदनी रहेंगे शहीद वीर नारायण सिंह हम सभी जाति और समाज के पुरोधा हैं उनके नाम से कोई अन्य बड़ी योजना संचालित करना चाहिए था राजप्रधान युगल ने कहा कि डॉक्टर खूबचंद बघेल देश के स्वतंत्रता आंदोलन में सपत्नीक जेल यात्रा करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पूर्व विधायक पूर्व राज्यसभा सांसद साहित्यकार समाजसेवी होने के साथ ही प्रदेश के बहुसंख्यक समाज छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज के आदर्श और पुरोधा हैं खूब चंद बघेल पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम स्वप्नदृष्टा भी माने जाते हैं तत्कालीन भूपेश सरकार ने आयुष्मान योजना। संजीवनी सहायता कोष मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना। मुख्यमंत्री बाल विद्या योजना राष्ट्रीय बलशास्त्र स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री बाल श्रवण योजना को शामिल करते हुए डॉक्टर खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना प्रारंभ की गई इस योजना के तहत फेफड़े यकृत हृदय रोग अग्नाशय किडनी न्यूरो सर्जरी के अलावा बच्चों में होने वाले बाल कैंसर रोगों की इलाज हेतु बीपीएल कार्ड धारकों के लिए 5 लाख एवं अन्य कार्ड धारकों के लिए पचास हजार तक निशुल्क चिकित्सा सहायता का प्रावधान है योजना का नाम परिवर्तन संबंधी वर्तमान सरकार द्वारा लिए गए इस निर्णय से समस्त छत्तीसगढ़िया समाज आहत है युगल किशोर आडिल ने स्पष्ट कहा कि सरकार डॉक्टर खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना का नाम यथावत नहीं करती तो समस्त छत्तीसगढ़िया समाज राजधानी रायपुर में जंगी प्रदर्शन करने बाध्य होगी डा खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना का नाम यथावत रखने धमतरी कलेक्टर नम्रता गांधी को ज्ञापन सौंपने वालों में पाटन राज प्रधान युगल किशोर आडिल संतोष आडिल टी आर वर्मा केंद्रीय पदाधिकारी संत राम वर्मा प्रेम वर्मा युवा अध्यक्ष एवम सरपंच कसही राकेश आडिल राज मंत्री केदार कश्यप दरबार मोखली सरपंच आशीष बंछोर टोकेंद्र वर्मा मुकेश वर्मा लोकेश वर्मा योगान्त वर्मा विपिन बंछोर मोती बघेल जीतेश वर्मा रिंकू वर्मा शामिल थे।

सार समाचार

दोपिहया वाहन चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

रायपुर(समय दर्शन)। राजधानी रायपुर की गंजथाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से चोरी की दुपहिया बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार होटल गोल्डन हेरिटेज नहरपारा में कुक का कार्य करने वाले कलविन्दर सिंह ने थाना गंज में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अपनी दोपहिया वाहन यामहा आर 15 क्रमांक सी जी/04/एच पी/6233 को दिनांक 25.08.2024 को शाम करीबन 4.30 बजे लोधीपारा शीतला माता मंदिर के पास होटल मालिक के घर के सामने लॉक कर खड़ी कर अंदर चले गया था, उसके पश्चात् रूम से होटल जाने के लिए निकला तो देखा कि उसकी दोपयिहा वाहन नही थी, आस-पास पता किया किन्तु पता नही चला। जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर फरार हो गया था। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 303(2) बी.एन.एस का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना गंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आस-पास के लोगों विस्तृत पूछताछ करते हुए प्रकरण में अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यो द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ-साथ उसके आसपास लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेजों का अवलोकन कर आरोपियों को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थी। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिपत के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी कुशव नाईक निवासी नहरपारा गंज की पतासाजी कर पकड़कर कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने साथी जुगल खिक्खा के साथ मिलकर चोरी करना बताने के साथ-साथ दोपहिया वाहन को रेलवे मोटर साईकल स्टैण्ड में छिपाकर रखना बताया गया।

युवक के खाते से रकम पार

रायपुर(समय दर्शन)। मोबाइल फोन चोरी कर एसबीआई के खाते से अज्ञात आरोपी ने युवक के खाते से 1 लाख 70 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी लक्ष्मी नारायण पटेल 44 वर्ष खम्हारडीह का रहने वाला है। बताया जाता है कि शास्त्री बाजार के पास अज्ञात आरोपी ने प्रार्थी के जेब से मोबाइल चोरी कर उसके एसबीआई बैंक के खाते से 2 बार में 1 लाख 70 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

गोलबाजार में 115 वर्षों से विराजित हो रहे हैं गणपति

विघ्नहर्ता के दर्शन-पूजन के लिए गोल बाजार पहुंचे मुख्यमंत्री

रायपुर(समय दर्शन)। विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश के दर्शन और पूजन के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज रात्रि 8 बजे राजधानी रायपुर के गोल बाजार पहुंचे। मुख्यमंत्री ने यहां हनुमान मंदिर के समीप श्री बजरंग नवयुवक मित्र मंडल गणेशोत्सव समिति के पंडाल में विराजित भगवान गणेश के दर्शन कर नवरत्न जड़ित 750 ग्राम का स्वर्ण मुकुट पहनाकर तिलक लगाया और विधिवत पूजा-अर्चना व आरती की। मुख्यमंत्री ने भगवान विघ्न विनायक से छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। गौरतलब है कि राजधानी रायपुर के गोल बाजार स्थित हनुमान मंदिर के पास बीते 115 वर्षों से श्री बजरंग नवयुवक मित्र मंडल गणेशोत्सव समिति द्वारा गणेश चतुर्थी पर गणपति प्रतिमा की स्थापना की जाती है। यहां विराजित की जाने वाली गणेश प्रतिमा अपनी भव्यता के कारण न सिर्फ गोल बाजार बल्कि पूरे रायपुर में आकर्षण का केन्द्र होती है। गोल बाजार पहुंचने पर मुख्यमंत्री का गणेशोत्सव समिति के पदाधिकारियों और स्थानीय व्यापारियों द्वारा ढोल-नंगाड़ों और फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। यहां समिति ने मुख्यमंत्री को गजमाला पहनाकर उनका अभिवादन किया। गणपति दर्शन और पूजा-अर्चना के बाद मुख्यमंत्री श्री साय पास ही स्थित 150 वर्ष से अधिक पुराने हनुमान मंदिर में दर्शन और पूजन के लिए पहुंचे। इस दौरान उनके साथ नितिन नबीन, जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव, पूर्व विधायक श्रीचंद सुन्दरानी, केदार गुप्ता विशेष रूप से मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना से स्कूल में पढ़ाई की सुविधा बढ़ी

Galaxy S20 FE 5G

आकर्षक रंगरोगन, कलात्मक चित्रों से बच्चों को मिल रहा बेहतर परिवेश

रायपुर(समय दर्शन)। अब जांजगीर-चांपा जिले के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरगवां में बच्चों को पढ़ाई करने में सहुलियत होगी। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत यहां कुल 16.10 लाख रूपये की लागत से दो नए कमरे बनकर तैयार हो गए है। दरअसल इस स्कूल में बच्चों के लिए पढ़ने हेतु कक्षों की कमी हो रही थी। स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ने के कारण उन्हें एक ही कक्ष में बैठकर पढ़ना पड़ता था, जिससे उन्हें परेशानी होती थी। तीन बने हुए कक्षों में एक कक्ष का सात साल पहले जीर्णोद्धार हुआ था। बाकी जर्जर स्थिति में थे। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के माध्यम से इस समस्या का समाधान निकालने के लिए अतिरिक्त कक्ष निर्माण का निर्णय लिया गया। जांजगीर-चांपा के जनपद पंचायत अकलतरा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरगवाँ में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के माध्यम से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जांजगीर के द्वारा 02 नग अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य कराया गया है। शाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण हो जाने से विद्यार्थियों को बैठक व्यवस्था में सुविधा होने लगी। कक्षावार विद्यार्थियों की बैठक व्यवस्था होने से उनके अध्ययन कार्य और शिक्षकों के अध्यापन कार्य में सहजता हुई है। विद्यार्थियों को अब पढ़ने के लिए आरामदायक वातावरण मिल गया है, विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर अधिक ध्यान केंद्रित कर पा रहे हैं।

पर्यूषण महापर्व के अवसर पर ताड़पत्र पर हस्तलिखित ग्रंथो की चार दिवसीय भव्य प्रदर्शनी का हुआ आगाज

रायपुर (समय दर्शन) । छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में पर्यूषण महापर्व के पावन पुनीत अवसर पर संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य नवाचार्य समय सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से आदरणीय बाल ब्रम्हचारी संदीप सरल जी संस्थापक अनेकांत ज्ञान मंदिर श्रुतधाम बीना (मध्य प्रदेश) के मार्गदर्शन में रायपुर शहर के इतिहास में प्रथम बार ताड़पत्रों पर हस्तलिखित स्वर्ण पत्रों पर अंकित लगभग 1200 वर्ष प्राचीन बहुमूल्य ग्रंथो की चार दिवसीय भव्य प्रदर्शनी का शुभारंभ दिनांक 14 सितंबर को प्रातः 9:00 बजे श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर मालवीय रोड के श्री विद्यासागर हॉल में श्री प्रताप पारेख उपसंचालक पुरातत्व विभाग, कुमारी स्वाति जैन जनसंपर्क विभाग, श्री धीरज जैन मैनेजर एसबीआई, श्री रितेश जैन रीजनल बिज़नेस हेड बैंक आफ बड़ौदा की गरिमामय उपस्थिति में प्रारंभ हुई द्य

प्रदर्शनी के मुख्य आकर्षण पोस्टकार्ड पर तत्वार्थ सूत्र ग्रंथ के 10 अध्याय, पोस्टकार्ड पर भक्तामर स्त्रोत के 48 काव्य, 200 फुट लंबे कागज पर 24 ठाणा ग्रंथ, विश्व की एकमात्र दुर्लभ प्रति काष्ठफ्लक पर लिपिबद्ध देवनागरी लिपि में वर्णमाला, दर्शनीय श्रीफ्ल जिनालय, स्वर्ण लिखित भक्तामर स्त्रोत, हस्तलिखित समयसार ग्रंथ, ऐरावत हाथी जम्बूदीप, ढाई द्वीप आदि के प्राचीन चित्र, आमंत्रण पाती प्रदर्शनी के मुख्य आकर्षण हैं ।

प्रदर्शनी का अवलोकन करने सैकड़ो की तादाद मे लोग मालवीय रोड दिगंबर जैन मंदिर पहुंच रहे हैं एवं जैन धर्म की प्राचीनता का प्रत्यक्ष प्रमाण देख कर उत्साहित हैं ।

श्री जिनालय के मैनेजिंग ट्रस्टी श्री नरेंद्र जैन 'गुरु कृपा, अध्यक्ष श्री यशवंत जैन, सचिव श्री सुजीत जैन, कोषाध्यक्ष दिलीप जैन, उपाध्यक्ष लोकेश चंद्रकांत जैन ने बताया कि यह हमारा सौभाग्य है कि हमें इतने प्राचीन हस्तलिखित ग्रंथो एवं लिपियों को एक साथ प्रदर्शित करने का अवसर मिला द्य समिति ने सकल जैन समाज के साधर्मियो से अनुरोध किया कि एक बार इस प्रदर्शनी के अवलोकन के लिए श्री मालवीय रोड बड़ा जैन मंदिर में अवश्य पधारें।

शमशान घाट में रखी गईं गायों की मौत हिंदू संगठन ने जताई नाराजगी

थाने में शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग

रायपुर(समय दर्शन)। राजधानी से सटे धरसींवा ब्लॉक के ग्राम पंचायत टांडा में शमशान घाट में रखी गई आधा दर्जन से अधिक गायों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही हिंदू संगठन के सदस्य मौके पर पहुंचे और वहां कई मृत गायों को पाया। इस घटना को लेकर हिंदू संगठन के सदस्यों ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। गौसेवा संगठन और हिंदू महासभा के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे तो उन्होंने पाया कि बिना पोस्टमार्टम के दो गायों का अंतिम संस्कार पहले ही कर दिया गया था। इसके अलावा चार अन्य गायें पहले से मृत पड़ी थीं और कुछ बीमार व कमजोर नजर आ रही थीं। स्थानीय लोगों ने बताया कि शमशान घाट में इन गायों को बंद कर दिया गया था, लेकिन उनके खाने-पीने और बारिश से बचने की कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। श्रीराम गौसेवा संगठन के मोहन सेन, हिंदू महासभा के प्रीतम साहू और अन्य गौसेवक घटना स्थल पर पहुंचे और प्रशासन की लापरवाही पर गहरी नाराजगी जताई। उनका कहना था कि गायों को शमशान में बंद कर दिया गया था, लेकिन उनके लिए टीन शेड तक की व्यवस्था नहीं थी, जिससे बारिश में उनकी मौत हो गई होगी। हिंदू संगठनों के सदस्यों ने धरसींवा थाने में शिकायत दर्ज कराई और बताया कि शमशान घाट में लगभग 60-70 गायें रखी गई थीं, जिनमें से 6 की मौत हो चुकी थी। जब संगठन के सदस्य मौके पर पहुंचे, तो उन्होंने लगभग 20 मृत गायें पाईं। कई अन्य बीमार और घायल थीं। इसके बावजूद बिना पोस्टमार्टम के गायों का अंतिम संस्कार जेसीबी से कर दिया गया था, जिससे मामला दबाने की कोशिश की गई। धरसींवा टीआई राजेंद्र दीवान ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं तहसीलदार जयेंद्र सिंह ने मौके पर पटवारी को भेजकर मामले की जांच के निर्देश दिए।

शंकराचार्य के गौ प्रतिष्ठा आंदोलन में सहयोग करेगा सिंधी समाज

रायपुर(समय दर्शन)। ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द महाराज द्वारा आयोजित चातुर्मास्य महोत्सव में प्रसिद्ध सिंधी संत साईं जलकुमार मसंद साहिब, मसंद सेवाश्रम रायपुर (छत्तीसगढ़) के अधिष्ठाता, विशेष रूप से शामिल हुए। इस एक सप्ताह के दिल्ली प्रवास के दौरान, शंकराचार्य महाराज ने उन्हें पगड़ी, शाल, श्रीमद्भगवत गीता, मिष्ठान और सम्मान पत्र से सम्मानित किया। साईं मसंद साहिब के दिल्ली आगमन पर दिल्ली के सिंधी समाज के संतों, ब्राह्मणों, पंचायतों, झूलेलाल मंदिरों, समाजसेवी संस्थाओं और वरिष्ठ पत्रकारों ने शंकराचार्य महाराज से भेंट की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर शंकराचार्य महाराज ने सिंधी समाज के देश के विकास में योगदान की सराहना की और बताया कि अपनी विशिष्ट पहचान के कारण सिन्धी समाज देश में एक विशेष स्थान रखता है। सभा के दौरान, शंकराचार्य महाराज ने गौ प्रतिष्ठा आंदोलन पर चर्चा करते हुए सिन्धीलाल नस्ल की गाय के संरक्षण की जिम्मेदारी सिन्धी समाज को सौंपने की बात कही। उन्होंने कहा कि यह गाय कम चारा खाकर भी अधिक दूध देती है और उसका संरक्षण करने से समाज को गौमाता का आशीर्वाद मिलेगा। इस प्रस्ताव को सिन्धी समाज ने सहर्ष स्वीकार किया और कई प्रमुख व्यक्तियों ने गौवंश के संरक्षण का संकल्प लिया। साईं मसंद साहिब ने अपने संबोधन में भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने की योजना का जिक्र करते हुए सनातन वैदिक सिद्धांतों के आधार पर शासन स्थापित करने की बात कही।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में बलात्कार और हत्या मामले के खिलाफ स्वास्थ्य भवन के पास धरना प्रदर्शन के दौरान जूनियर डॉक्टरों को संबोधित किया.

सेलेकोर गैजेट्स लिमिटेड लार्ज स्क्रीन प्रीमियम स्मार्ट टीवी पेश करने के लिए पूरी तरह तैयार

रायपुर। सेलेकोर गैजेट्स लिमिटेड (NSE: CELLECOR), नई टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस में माहिर, स्मार्ट टीवी की अपनी प्रीमियम रेंज के आने वाली लॉन्च की घोषणा करते हुए रोमांचित है, जो लग्ज़री होम एंटरटेनमेंट को रीडिफाइन करने के लिए तैयार है। टियर 1 मेट्रो शहरों में ग्राहकों के रिफाइंड टेस्ट को आकर्षित करने के उद्देश्य से, ये नए मॉडल, जो 75, 86, और 98 आकार में बिक्री के लिए तय हैं, हाई-एंड मार्केट में सेलेकोर की कैलकुलेटेड कोशिश का प्रतीक हैं। इन प्रीमियम स्मार्ट टीवी को लॉन्च करने का निर्णय टियर 2 और टियर 3 शहरों में सेलेकोर के मॉडल की सफलता के बाद भारी मांग से उत्पन्न हुआ है। ऐसे समय में जब टीवी देखना समय बिताने का एकमात्र तरीका नहीं है, सेलेकोर के लेटेस्ट हाई-एंड स्मार्ट टीवी इनोवेटिव टेक्नोलॉजी और सोफिस्टिकेटेड स्टाइल का एक बेजोड़ मिश्रण प्रदान करते हैं। प्रत्येक मॉडल को आपके लिविंग रूम में एक तल्लीन ध्वनि अनुभव और अविश्वसनीय रूप से तेज क्य पिक्चर देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। सेलेकोर गैजेट्स लिमिटेड प्रसिद्ध रिटेल दिग्गजों के साथ एक स्ट्रेटिजिक एलाइंस में है, जो इसे हर ग्राहक के दिल और दिमाग को जीतने की अनुमति देगा। कंपनी सुप्रसिद्ध लार्ज-फॉर्मेट रिटेल (स्न्त्र) पार्टनर्स के साथ काम करके यह सुनिश्चित कर रही है कि खास मेट्रो एरिया में तकनीक-प्रेमी उपभोक्ता इन हाई-एंड स्मार्ट टीवी तक आसानी से पहुंच सकें। अक्सर यह हवाला दिया जाता है कि कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री कड़ी प्रतिस्पर्धा का क्षेत्र है, जो लगातार नई चुनौतियां पेश करता है।

अब शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में हिन्दी में भी होगी पढ़ाई

मुख्यमंत्री साय ने हिन्दी दिवस पर की बड़ी घोषणा

रायपुर(समय दर्शन)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हिन्दी दिवस पर बड़ी घोषणा करते हुए राज्य के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों में हिन्दी में भी पढ़ाई शुरू करने की बात कही है। मुख्यमंत्री ने राजधानी स्थित अपने निवास कार्यालय में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की उपस्थिति में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने यह निर्णय लिया है कि एमबीबीएस की पढ़ाई की व्यवस्था भी हम हिंदी में करेंगे। इस साल के प्रथम सत्र 2024-25 में एमबीबीएस की पढ़ाई की सुविधा हिंदी में भी उपलब्ध होगी। इसके लिए छात्र छात्राओं की संख्या अनुरूप आवश्यक पुस्तक उपलब्ध कराने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिंदी दिवस की सार्थकता इस बात में है कि हम शासन प्रशासन और शिक्षा के हर स्तर पर हिंदी को लागू करें, हिंदी को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा हमें इस बात की खुशी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फरवरी 2022 को उत्तरप्रदेश के उन्नाव की रैली में हिंदी में चिकित्सा शिक्षा उपलब्ध कराने की मंशा जाहिर की थी, हम उसका क्रियान्वयन करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में राज्य में 10 शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय हैं। हिंदी में चिकित्सा शिक्षा उपलब्ध कराने का सबसे अधिक लाभ हमारे ग्रामीण पृष्ठभूमि के छात्रों को होगा जो अधिकतर हिंदी मीडियम से होते हैं जो प्रतिभाशाली होते हैं लेकिन अंग्रेजी की वजह से उन्हें चिकित्सा पाठ्यक्रम में कुछ दिक्कत आती है। अब यह दिक्कत दूर हो जाएगी। इससे चिकित्सा छात्र छात्राओं का आधार भी मजबूत होगा और अच्छे चिकित्सक तैयार करने में इससे अधिक मदद मिलेगी। मातृभाषा में शिक्षा दिए जाने का यह सबसे बड़ा लाभ यह होता है कि इससे विषय की बारीक समझ बनती है। इसे हम छत्तीसगढ़ में हर स्तर पर कार्यान्वित करने के लिए कृत संकल्पित हैं।

राजधानी में बंदूक की गोलियों का बड़ा जखीरा बरामद

रायपुर(समय दर्शन)। राजधानी रायपुर में बंदूक की गोलियों का बड़ा जखीरा बरामद होने से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। होटल ङ्क2 कैन्यन के सामने नाले में राइफल की 70 गोलियां मिली है। बताया जा रहा कि ये गोलियां इंसास और ख्द्द जैसे राइफल में इस्तेमाल होती है। तेलीबांधा पुलिस गोलियों को जब्त कर मामले की जांच कर रही। पुलिस के मुताबिक, ग्राम फुंडहर में वीडब्ल्यू कैनयन होटल के सामने छोकरा नाला में मछली पकड़ने वाले बच्चों को एक बिनडोरी (पाउच) में एवं खुले हुए कुछ कारतूस मिले. इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। नाले से कुल 84 कारतूस और दो खाली खोखा बरामद किया गया है। उक्त कारतूस में 303 बोर, एमएमके, इंसास आदि के कारतूस जब्त हुआ है। मामले की जांच की जा रही है. ये आवाजी या अभ्यास किए जाने वाले कारतूस हैं या जिंदा कारतूस, जांच के बाद ही पता चलेगा. बताया जा रहा कि इन गोलियों का इस्तेमाल सुरक्षा बलों द्वारा किया जाता है। एसएलआर, द्म-47, इंसास, थ्री नॉट थ्री इन बंदूकों की गोली बरामद हुई है।

संपादकीय

अर्थव्यवस्था के मौजूदा स्वरूप

मुख्य आर्थिक सलाहकार ने जिस प्रवृत्ति को लेकर आगाह किया है, उससे निकलने का रास्ता क्या है? आखिर इस मुकाम तक हम पिछले साढ़े तीन दशक में अपनाई गई नीतियों की वजह से पहुंचे हैं। भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने आखिरकार अर्थव्यवस्था के मौजूदा स्वरूप को लेकर वह चेतावनी दी है, जिस पर अर्थ जगत में पहले से चिंता रही है। नागेश्वरन ने अर्थव्यवस्था के वित्तीयकरण में निहित खतरों को लेकर आगाह किया है। उन्होंने देश के वित्तीयकरण के जाल में फंसने की आशंका जताई है। जब शेयर बाजार का सकल पूंजी मूल्य जीडीपी के 140 प्रतिशत तक पहुंच गया हो, तो समझा जा सकता है कि अर्थव्यवस्था किस मुकाम पर है। नागेश्वरन ने कहा कि वित्तीय क्षेत्र में हो रहे रिकॉर्ड मुनाफे से एक ऐसी परिघटना सामने आई है, जिस पर कड़ी नजर रखनी होगी। उनकी ये बातें खास गौरतलब है- %जब बाजार का आकार अर्थव्यवस्था से बड़ा हो जाता है, तब यह स्वाभाविक है कि बाजार के हित और उसकी प्राथमिकताएं सार्वजनिक विमर्श पर हावी हो जाती हैं, हालांकि ऐसा होना तार्किक रूप से जरूरी नहीं है। यहां मैं उस परिघटना का जिक्र कर रहा हूं, जिसे वित्तीयकरण अथवा नीति एवं सकल अर्थव्यवस्था के लाभों पर वित्तीय बाजार के वर्चस्व के रूप में जाना जाता है।' ऐसा होने पर क्या होता है, इसकी चर्चा भी मुख्य आर्थिक सलाहकार ने की है। उनके मुताबिक सार्वजनिक एवं निजी ऋण का अभूतपूर्व ऊंचा स्तर- जिसमें से कुछ ऋण विनियामकों को मालूम है और कुछ नहीं, परिसंपत्तियों की मूल्य वृद्धि पर आर्थिक वृद्धि का निर्भर हो जाना और उसके परिणामस्वरूप गैर-बराबरी में भारी बढ़ोतरी, ये वित्तीय वर्चस्व वाली अर्थव्यवस्था के परिणाम हैं। उन्होंने आगाह किया कि भारत को ऐसे परिणामों से बचने का प्रयास करना चाहिए। नागेश्वरन की ये बातें सोलह आने सच हैं। अर्थव्यवस्था के यह रूप लेने के दुष्परिणाम आज कभी औद्योगिक शक्ति से दुनिया पर अपना दबदबा बनाने वाले विकसित देश भी झेल रहे हैं। मगर सवाल है कि मुख्य आर्थिक सलाहकार ने जिस प्रवृत्ति को लेकर आगाह किया है, उससे निकलने का रास्ता क्या है? आखिर इस मुकाम तक हम पिछले साढ़े तीन दशक में अपनाई गई नीतियों की वजह से पहुंचे हैं। क्या नागश्वेरन जिस सरकार से जुड़े हैं, उसमें ये दिशा बदलने का बौद्धिक साहस और माद्दा मौजूद है?

योजना ढंग से लागू हो



70 साल से ऊपर के सभी बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना में शामिल किया जाएगा। सरकार ने यह फैसला लिया है। इससे बुजुर्गों को 5 लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त मिलेगा। साथ ही इतनी ही राशि का हेल्थ इंश्योरेंस भी होगा। इस फैसले से लगभग 6 करोड़ बुजुर्गों को फायदा होगा। सरकार ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में 70 साल से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को शामिल करने को मंजूरी दे दी है, जो कि एक अच्छा कदम कहा जाएगा। इस फैसले से देश के लगभग 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को पांच लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त मिल सकेगा। साथ ही, इतनी ही कीमत का हेल्थ इंश्योरेंस कवर भी मिलेगा।

सोशल सिक्यॉरिटी: इस फैसले की जरूरत इसलिए थी क्योंकि सोशल सिक्यॉरिटी के मामले में भारत बहुत पीछे है। नैशनल फैमिली हेल्थ सर्वे 2019-21 की रिपोर्ट से पता चलता है कि देश में ऐसे परिवारों की संख्या केवल 41 प्रतिशत है, जिनके कम से कम एक सदस्य का हेल्थ इंश्योरेंस हो। बिहार, महाराष्ट्र जैसे बड़ी आबादी वाले राज्यों में तो यह राष्ट्रीय औसत के करीब आधे के बराबर है।

आर्थिक संबल: हेल्थ इंश्योरेंस को लेकर यह उदासीन रवैया हमारी उस आदत की वजह से है, जिसमें ज्यादातर लोग यह सोचते हैं कि जब बीमारी आएगी तो देखा जाएगा। बहुत से लोग जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा को एक ही चीज समझ लेते हैं। लेकिन, जब बीमारी सिर पर आती है, तो पूरे घर के बजट को तोड़कर रख देती है। सरकार का मौजूदा कदम कई परिवारों को ऐसे आर्थिक दुष्चक्र में फंसने से बचा सकता है।

महंगा इलाज: भारत में इलाज दिनों-दिन महंगा होता जा रहा है। ब्रोकरेज फर्म Mercer and Marsh Benefits के सर्वे के मुताबिक, भारत में 2023 में मेडिकल इन्फ्लेशन 9.6% थी, जो मौजूदा साल में 11त्न हो सकती है। कोरोना के दौर में पूरे एशिया में चिकित्सा पर महंगाई की सबसे ज्यादा मार हिंदुस्तान पर ही पड़ी थी। तब हमारे यहां मेडिकल इन्फ्लेशन 14त्न हो गई थी, चीन से भी ज्यादा।

औसत उम्र बढ़ी: विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) का डेटा बताता है कि भारत में जीवन प्रत्याशा 67.3 साल है। पिछले दो दशकों में ही जन्म के समय life e&pectancy में पांच बरस से अधिक का इजाफा हो चुका है। निश्चित ही यह अच्छी खबर है, लेकिन इसके साथ यह चिंता भी जुड़ी हुई है कि देश में दिल से जुड़े रोगों और डायबिटीज के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। फोर्ब्स की एक रिपोर्ट कहती है कि भारत में non-communicable diseases से हर साल लगभग 58 लाख लोगों की मौत होती है। इनमें सबसे ज्यादा लोग मरते हैं हार्ट डिजीज और कैंसर से।

सबको मिले सुविधा: सरकार ने बजट में स्वास्थ्य के लिए कोटा बढ़ाया है। हालांकि चीन और अमेरिका की तुलना में यह अब भी कम है। मेडिकल इंफ्रा बढ़ाने के साथ यह इंतजाम भी करना होगा कि आम जनता उसका फायदा उठा सके। सरकार का हालिया फैसला इसी दिशा में उठाया गया कदम है, लेकिन यह भी सुनिश्चित करना होगा कि योजना को सही ढंग से लागू किया जाए।

विकसित भारत के लिए भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में बदलाव

रवनीत सिंह बिट्टू

हमारे देश की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए भारत का खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र एक प्रकाश-पुंज की तरह है, जो विकसित भारत की दिशा में हमारे द्वारा उठाए जा रहे कदमों के रूप में प्रतिबिम्बित होता है। अब यह क्षेत्र केवल अर्थव्यवस्था में योगदानकर्ता भर नहीं रह गया है, बल्कि तेजी से भारत की विकास गाथा का आधार बनता जा रहा है। माननीय प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में नीतियों, पहलों और बुनियादी ढांचे के विकास के बेहतरीन मिश्रण ने इस क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है, जिससे यह वैश्विक मंच पर एक मजबूत ताकत बनकर उभरा है। वर्तमान में भारत 3.7 ट्रिलियन डॉलर वाली समृद्ध अर्थव्यवस्था होने का दावा करता है, जिसका महत्वाकांक्षी लक्ष्य 2047 में देश की स्वतंत्रता की शताब्दी तक 30-35 ट्रिलियन डॉलर वाली अर्थव्यवस्था बनना है।

भारत में हो रहे बदलावों के मूल में इसकी समृद्ध कृषि-जलवायु विविधता है, जो हमारे किसानों को विभिन्न प्रकार की विशिष्ट फसलें उगाने में सक्षम बनाती है। दालें, मोटे अनाज, दूध, गेहूं, चावल तथा फलों और सब्जियों के उत्पादन में वैश्विक स्तर पर अग्रणी देश होने के रूप में, भारत के पास मूल्य वर्धन के लिए संसाधनों का अद्वितीय आधार मौजूद है। हमारे मेहनतकश किसानों द्वारा सावधानीपूर्वक पोषित इस कृषि प्रचुरता ने नवाचार और उद्यमिता के दौर को जन्म दिया है, जिससे उन्नतिशील खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का उदय हुआ है।

यह क्षेत्र भारत के आर्थिक विकास का आधार बन चुका है, जो रोजगार के अवसरों के सृजन, तकनीकी प्रगति और बाजार के नए अवसरों के निर्माण के माध्यम से विकास को गति दे रहा है। भारत शीर्ष वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में सबसे बड़ी और सबसे युवा कामकाजी आबादी होने का भी दावा करता है, जिससे इस महत्वपूर्ण परिवर्तन को और बढ़ावा मिलता है। उन्नत प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके, इस उद्योग ने फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करने, उत्पाद की शेल्फ लाइफ बढ़ाने और किसानों को उनके प्रयासों के लिए बेहतर रिटर्न दिलाना सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

भारत का खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र जैसे-जैसे विकसित हो रहा है, यह न केवल गुणवत्ता के अंतर्राष्ट्रीय मानकों की कसौटी पर खरा उतर रहा है, बल्कि वैश्विक उपभोक्ताओं की लगातार बदलती पसंद और प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए अपनी पेशकशों में विविधता भी ला रहा है। इस प्रकार कृषि और खाद्य प्रसंस्करण के बीच का घनिष्ठ सामंजस्य आर्थिक प्रगति के शक्तिशाली साधन का रूप ले चुका है। यह इस बात को रेखांकित करता है कि हमारे किसान और कृषि देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और यह सुनिश्चित करते हुए कि भारत के कृषि उत्पाद दुनिया के कोने- कोने में संवर्धित मूल्य और गुणवत्ता के साथ पहुंचे। ऊर्जावान और युवा कार्यबल द्वारा समर्थित इस एकीकरण के माध्यम से, हम इस सशक्त, वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी क्षेत्र के उद्भव का साक्षी बन रहे हैं जो भारत को एक समृद्ध और टिकाऊ भविष्य की ओर ले जाने के लिए तत्पर है।

एक महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में, कोविड-19 महामारी ने इस क्षेत्र के प्रभावशाली लचीलेपन को दर्शाया, जो प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग के अनुरूप तेजी से अनुकूलित हुआ। रेडी-टू-ईट, रेडी-टू-कुक और मूल्य-वर्धित उत्पादों की ओर धीरे-धीरे बदलाव ने खाद्य सुरक्षा और पोषण में इस क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। भारत में खाद्य और पोषण सुरक्षा संबंधी चुनौतियों से निपटने, सुविधा प्रदान करने, लंबी शेल्फ लाइफ और दूरदराज के क्षेत्रों तक बेहतर पहुंच प्रदान करने के लिए मजबूत खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र आवश्यक है। यह किसानों के लिए बेहतर दामों की प्राप्ति भी सुनिश्चित करते हुए और बाजार के अवसरों में वृद्धि करते हुए, जीडीपी पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालता है और आजीविका में सहायता प्रदान करता है।

इस संबंध में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) सबसे अग्रणी है, जो पीएम किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) जैसे प्रमुख कार्यक्रमों का समर्थन कर रहा है। यह पहल अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे का विकास करके और खेत से लेकर खुदरा तक आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन को अनुकूलित करके इस क्षेत्र को बदल रही है। इन प्रयासों को पूर्णता प्रदान करते हुए प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों का औपचारिकीकरण (पीएमएफएमई) योजना प्रौद्योगिकी उन्नयन, क्षमता निर्माण और विपणन में सहायता के माध्यम से सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के विकास को बढ़ावा देती है। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएस) वृद्धिशील बिक्री से जुड़े वित्तीय पुरस्कारों की पेशकश करके घरेलू विनिर्माण एवं निर्यात वृद्धि को और बढ़ावा देती है। इसके अतिरिक्त, नाबार्ड के अंतर्गत 2000 करोड़ रुपये का विशेष अवसंरचना कोष इस क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूती प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह समन्वित दृष्टिकोण खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और संबंधित क्षेत्रों को उन्नत बनाने के लिए एक व्यापक रणनीति को रेखांकित करता है, जो मजबूत, एकीकृत और दूरंदेशी विकास पथ सुनिश्चित करता है।

भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और इसका जनसांख्यिकीय लाभांश खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के लिए नई ऊंचाइयों को छूने के अनूठे और अभूतपूर्व अवसरों का सृजन करता है। सरकार के महत्वपूर्ण कर संबंधी प्रोत्साहनों, कारोबार करने में सुगमता की सुव्यवस्थित पहल और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के विकास सहित दूरदर्शी व्यवसाय समर्थक सुधारों ने निवेश और विकास के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा दिया है। यह सहयोगपूर्ण परिदृश्य न केवल वैश्विक ध्यान आकर्षित करता है बल्कि भारत को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में नवाचार और विस्तार के एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में भी स्थापित करता है।

वर्ष 2023 में पिछले संस्करण की शानदार सफलता के बाद, मंत्रालय 19 से 22 सितंबर 2024 तक वर्ल्ड फूड इंडिया के तीसरे संस्करण का आयोजन कर रहा है। इस आयोजन में खाद्य उद्योग के हर पक्ष से जुड़े हितधारक विचारों का आदान-प्रदान करने, अवसरों का अन्वेषण करने और इस महत्वपूर्ण क्षेत्र के समग्र विकास में योगदान देने के लिए एक साथ आएंगे। यह एक अनोखा सम्मेलन होगा जिसमें दुनिया भर के खाद्य इकोसिस्टम से जुड़े निर्माता, उत्पादक, निवेशक, नीति-निर्माता और संगठन शामिल होंगे। वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 एक ऐसा मंच है, जहां हितधारक नवाचारों का अन्वेषण करने, साझेदारी बनाने और टिकाऊ खाद्य भविष्य की दिशा में मार्ग प्रशस्त करने के लिए एकत्रित होते हैं। आइए, हम अपने सामने मौजूद अवसरों का लाभ उठाएं तथा अधिक समृद्ध और लचीली खाद्य प्रणाली की दिशा में ऐसी यात्रा की शुरुआत करें, जो मूल्य श्रृंखला में सभी हितधारकों को लाभान्वित करे। सामंजस्य के इस दौर में, हम न केवल एक उद्योग को प्रगति के पथ पर अग्रसर कर रहे हैं, बल्कि एक ऐसे भविष्य के साझा विजन को भी अंगीकार कर रहे हैं जहां नवाचार, स्थिरता और समृद्धि हमारे देश के कोने-कोने का उत्थान करे।

लेखक खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री है

आंकड़ों के हथियार

भारत का हर आदमी दुनिया का सातवां आदमी है। इजरायल के बाद दुनिया में भारत वह दूसरा देश है जिसने आबादी पर नियंत्रण करने के लिए परिवार नियोजन को सरकारी नीति के रूप में घोषित किया। अपनी इस प्रगतिशीलता की हम प्रशंसा कर सकते हैं, लेकिन तनिक परिणाम भी देख लीजिए, पचहत्तर बरस के इस नियंत्रक प्रयास के बावजूद आज हालत यह है कि हम दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाले देश चीन को पछाडक़र नंबर एक हो गए हैं। दुनिया का हर पांचवां आदमी भारतीय है और सातवां चीनी। खैर अधिक आबादी की भीड़ का लाभ यह होता है कि जब देश की नाकामयाबी की गणना करनी हो तो सीधा आंकड़ा गिनने की बजाय प्रतिशत दर से कर लो। पराजय की तस्वीर इतनी भयावह नहीं लगेगी। अब देखो न दो वर्ष पहले कोरोना महामारी हमें चारों खाने चित्त कर गई थी। इतना बड़ा देश, इतनी आबादी, लेकिन पूरा देश एकदम बंद होकर रह गया था। पाकिस्तान जैसे देशों की हालत हमसे अच्छी में है। हालत की बात करते हो, इतने निराशावादी न बनो। भारत में महामारियों से मरने वालों की दर कभी कम नहीं होती। आंकड़े देखें तो हम हर पतनशील तालिका में आगे हैं। कर लो घी को बर्तन। एक ही तस्वीर को रुख बदल कर देखने का यह प्रयास क्यों करते रहते हो? पंचवर्षीय योजनाओं की असफलता, भ्रष्टाचार में वृद्धि, भुखमरी में तरक्की या आत्महत्याओं में वृद्धि। यहां देख लो, प्रतिशत असफलता अथवा विसंगति कम नजर आती है। सही आंकड़े तो चौंका देते हैं। इसलिए बेहतर यही है कि अपना निकम्मापन छिपाना हो तो प्रतिशत में छिपाओ और अपनी सफ्लता का बखान करना हो तो असली आंकड़ों में बखानो। पति देव दारू पीकर सामान्य समय से चार घंटे बाद अर्थात आधी रात दो बजे वापस लौटे तो अपनी श्रीमती जी की अदालत में स्पष्टीकरण देते हुए कितने भोले लगते हैं, 'अजी क्या हुआ मात्र पन्द्रह प्रतिशत ही तो विलम्ब से आया हूं।' वाह प्रतिशत। लेकिन इतना ही नहीं बन्धु, आंकड़ों का प्रतिशत ही वह हथियार है, जिससे आप राजनीति से लेकर समाज तक में अपनी शोभा दुगनी या विरोधी को मलियामेट कर सकते हो। यही हाल आजकल देश में चल रहा है। जनता चिल्ला रही है कि इन कठिन दिनों में आकाश छूती महंगाई ने हमारा हुलिया बिगाड़ कर रख दिया। परचून कीमतें इतनी तेजी से बढ़ीं कि इन्होंने पिछले दशक के रिकार्ड पस्त कर दिए। अब इनकी वृद्धि दर के आंकड़े चौंकाते हैं। पांच प्रतिशत खाद्य सामग्री में और तेरह प्रतिशत तक रोजमर्रा के फ्ल-सब्जियों की कीमत में। लेकिन इसका मुकाबला करने वाला इन्हीं कीमतों में वृद्धि को शून्य प्रतिशत से भी नीचे बता सकता है। अन्तर केवल इतना होगा कि वह थोक कीमतों के परिवर्तन की बात करेगा, जबकि आप परचून कीमतों की बात कर रहे हैं। फिर पानी भरे गिलास को आधा खाली या आधा भरा हुआ बता अलग-अलग राग अलापने वाले कम नहीं। चुनाव करीब आ रहे हैं। अब सत्ता पक्ष बताएगा कि उसने अपने कार्यकाल में कितने प्रतिशत नई नौकरियां पैदा कीं और सत्तापक्षी कहेगा कि उनके इलाके में बेरोजगारी में कितने प्रतिशत वृद्धि हुई। लीजिए साहिब, यह सच तो अन्धों का हाथी हो गया, इन साहिबान के लिए। कानून व्यवस्था का निगाहबान थानेदार बताता है कि उसने पिछले बरस की तुलना में कितने प्रतिशत अपराधी अधिक पकड़े, समाज का ठेकेदार आपको अपराधों की प्रतिशत और वृद्धि बता और भी अधिक डरा देता है। आप डरेंगे तभी तो वह तारणहार बन कर अपनी शोभा का झण्डा बुलंद कर सकेगा। जय आंकड़ा शास्त्र की। लेकिन आंकड़ों की असल संख्या और प्रतिशत वृद्धि की तुलना का भ्रमजाल तोड़िए। सच बताइए कि अपनी फ्सल का इस साल भी उचित दाम न मिलने के कारण जो किसान मंडी के चौराहे पर फंदा लगा कर मर गया, उसकी दारुण व्यथा कम नहीं थी, चाहे इस साल इन अभागों की संख्या एक प्रतिशत से भी कम नहीं।

अंडा, हाई क्वालिटी प्रोटीन का नेचुरल सोर्स

विष्णु प्रिया सिंह

हार्ट अटैक, स्ट्रोक और फैटी लीवर से बचने के लिये डेली, केवल एक अंडा खायें। अगर ज्यादा अंडे खाने हैं तो योक यानी यलो पार्ट निकाल दें। अगर बॉडीङ्कबिल्डिंग के लिये मसल बनानी हैं तो रोजाना बिना योक के 5 से 6 से अंडे खायें। वजह जहां बाजार में बिकने वाले प्रोटीन सप्लीमेंट की क्वालिटी पर संदेह रहता है वहीं अंडा, हाई क्वालिटी प्रोटीन का नेचुरल सोर्स है।

टीवी-रेडियो पर संडे-मंडे, रोज खायें अंडे जैसे विज्ञापन, है तो कहीं अंडे खाने से हार्ट अटैक या स्ट्रोक जैसी खबरें है। खायें या न खायें, समझ ही नहीं आता। टोटल कन्फ्यूजन। कन्फ्यूजन दूर करने के लिये जब कुछ आहार विशेषज्ञों से बात की तो उन्होंने बताया कि अंडों के लिये पक्षी पालने का चलन करीब 4000 साल पुराना है। और खाने में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होते हैं मुर्गी के अंडे। बाहर सख्त खोल, अंदर पोषण से भरी जर्दी। सफेद हों या गोल्डन, पोषण गुणवत्ता में दोनों बराबर होते हैं।

मुर्गी के एक उबले अंडे में होती हैं करीब 75 कैलोरीज। प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, विटामिन-मिनिरल और कैरोटीनॉयड जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर अंडे में होती है सबसे उम्दा प्रोटीन। करीब 6 ग्राम प्रति अंडा। ये प्रोटीन का गोल्ड स्टैंडर्ड है। बॉडी-बिल्डिंग के लिये इससे अच्छा कुछ नहीं।

पोषक तत्वों की डिटेल में जायें तो 50 ग्राम वजनी एक अंडे में 0.7 ग्राम कार्बोहाइड्रेट, 11.2 ग्राम लिपिड, 198 मिलीग्राम फास्फोरस, 142 मिलीग्राम सोडियम, 138 मिलीग्राम पोटैशियम, 56 मिलीग्राम कैल्शियम, 12 मिलीग्राम मैग्नीशियम और 1.75 मिलीग्राम आयरन होता है। साथ ही होते हैं विटामिन ए, बी, ई और फोलेट जैसे पोषक तत्व। लेकिन विटामिन बी सबसे ज्यादा।

अंडो के बारे में आहार विशेषज्ञों का कहना है कि कुपोषण से निपटने में इनका कोई जबाब नहीं। एंटीबैक्टीरियल, ऐंटीकैंसर और एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरपूर अंडा गजब का इम्युनिटी बूस्टर है। एक मेगा अध्ययन से सिद्ध हुआ कि बच्चों में कम वजन और बौनापन दूर करने में अंडे का कोई विकल्प नहीं। अंडे में मौजूद अमीनो एसिड ल्यूसीन मांसपेशियों की निर्माण प्रक्रिया प्रोत्साहित करता है। मांसपेशियों और बोन हेल्थ दोनों के लिये उपयोगी है अंडा। इसका नियमित सेवन सरकोपेनिया यानी बढ़ती उम्र में मांसपेशियों की ताकत, द्रव्यमान और कार्य-क्षमता में आने वाली गिरावट रोककर हड्डियों को मजबूती देता है।

याद्दाश्त और थॉयराइड में कारगर- हमारे बाल बनते हैं केरोटीन प्रोटीन से। शरीर में इसकी कमी का अर्थ है एलोपेसिया यानी बाल झड़ना। अंडे की जर्दी में मौजूद हेयर ग्रोथ पेप्टाइड, एलोपेसिया से निपटने में उतना ही सक्षम है जितनी इसकी दवा मिनोक्सिडिल। हाई-क्वालिटी प्रोटीन से भरपूर अंडा, एलोपेसिया रोककर बालों की ग्रोथ ठीक करता है। अंडे में मौजूद ट्राइमेथिलैमाइन एंटीबैक्टीरियल रसायन हमें यूरीनरी ट्रैक इंफेक्शन, निमोनिया, डाइरिया और ई-कोलाई जैसे खतरनाक बैक्टीरिया से बचाता है। इसमें मौजूद ल्यूटिन और ज़ेक्सैंथिन जैसे एंटीऑक्सिडेंट आंखों को संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रखने के साथ मैकुलरडिजेनरेशन से बचाते हैं। कमजोर याद्दाश्त बुढ़ापे की कॉमन प्रॉब्लम है। अंडे के ल्यूटिन, कोलीन और ट्रिप्टोफैन जैसे पोषक तत्व दिमाग को स्वस्थ रखते हैं। कोलीन, मेटाबोलिक फंक्शन ठीक रखने के साथ दिमाग की कार्य-क्षमता बढ़ाता है जिससे बुढ़ापे में याद्दाश्त ठीक, दिमाग सजग और सतर्क रहता है। रोज केवल एक अंडा खाने से थॉयराइड प्रॉब्लम और दिल की बीमारियों का रिस्क घटता है। वजह इसमें मौजूद आयोडीन, सेलेनियम, ओमेगा-3 फैटी एसिड जैसे पोषक तत्व और हाई-डेनिस्टी लिपोप्रोटीन। ये शरीर में थॉयराइड हारमोन का संतुलन बनाकर खराब कोलेस्ट्रॉल को नसों में जमने नहीं देते।

हार्ट अटैक रिस्क क्यों? - जब अंडों में इतना पोषण तो हार्ट अटैक क्यों? जबाब है अंडे में मौजूद लिपिड (कोलेस्ट्रॉल)। करीब 5 ग्राम कोलेस्ट्रॉल होता है एक अंडे के योक (जर्दी) में। एचडीएल और एलडीएल दोनों तरह का। एचडीएल माने अच्छा, एचडीएल माने खराब। ज्यादा अंडे खाने से शरीर में अच्छे के साथ खराब कोलोस्ट्रॉल भी बढ़ता है, जो जम जाता है हमारी नसों में। नसों में कोलोस्ट्रॉल जमना मतलब ब्लॉकेज। यही ब्लॉकेज कारण बनती है हार्ट अटैक, स्ट्रोक और फैटी लीवर का।

कितने अंडे खाना सुरक्षित- हार्ट अटैक, स्ट्रोक और फैटी लीवर से बचने के लिये डेली, केवल एक अंडा खायें। अगर ज्यादा अंडे खाने हैं तो योक यानी यलो पार्ट निकाल दें। केवल सफेद पार्ट ही खायें। याद रहे एक अंडे के योक से शरीर को सभी जरूरी माइक्रोन्यूट्रियेन्ट्स मिल जाते हैं। अगर बॉडी-बिल्डिंग के लिये मसल बनानी हैं तो रोजाना बिना योक के 5 से 6 से अंडे खायें। वजह जहां बाजार में बिकने वाले प्रोटीन सप्लीमेंट की क्वालिटी पर संदेह रहता है वहीं अंडा, हाई क्वालिटी प्रोटीन का नेचुरल सोर्स है।

कोलेस्ट्रॉल हाई है तो सप्ताह में तीन से चार अंडे ही खायें यानी रोज केवल आधा अंडा। हां, गर्भवती महिलाएं बिना किसी प्रतिबंध के डेली दो अंडे खा सकती हैं। अंडे में मौजूद प्रोटीन और सूक्ष्म पोषक तत्व गर्भ में पल रहे बच्चे के समग्र विकास में मदद करते हैं। अंडे को बिना नमक के उबालें। वजह, अंडे में पहले से काफी सोडियम होता है। नमक डालकर उबालने से सोडियम हाई हो जाता है जो कारण बन सकता है ब्लड प्रेशर बढने का।

नुकसान क्या-क्या? - ज्यादा मात्रा में अंडे खाने से मोटापा और हाई कोलोस्ट्रॉल जैसी समस्यायें हो सकती हैं। वजह इसमें मौजूद सैचुरेटेड फैट। जो बढ़ाता है लो-डेन्सिटी कोलोस्ट्रॉल। इससे कुछ लोग नॉन-एल्कोहलिक फैटी लीवर का शिकार हो जाते हैं तो कुछ हार्ट-अटैक/ स्ट्रोक जैसी समस्याओं का। अगर सम्भव हो तो पोल्ट्री फॉर्म के बजाय देसी अंडों को प्राथमिकता दें, इनमें एलडीएल कम और ल्यूटिन का स्तर अधिक होता है। अंडे, हमेशा अच्छी तरह पकाकर खायें, कम से कम 3 मिनट। अधपके अंडे खाने से साल्मोनेला इंफेक्शन हो सकता है। ऐसे केस भी सामने आये जिनमें एग एलर्जी के कारण 5 साल से छोटे बच्चों को उल्टी, नाक बहने, अस्थमा और शरीर पर चकत्ते जैसी समस्यायें हुयीं। ऐसी किसी भी एलर्जिक कंडीशन में तुरन्त डॉक्टर की सलाह लें।

स्किल्स हैं आपके अंदर तो नौकरी के मिलेंगे कई विकल्प

एक बढ़िया नौकरी हासिल करने के लिए डिग्री और एक्सपीरियंस के अलावा स्किल्स की भी जरूरत होती हैं। ऐसे में अगर आपके पास डिग्री या एक्सपीरियंस नहीं हो तब भी आपको अच्छी नौकरी मिल सकती हैं। इसके लिए आपको कुछ नए स्किल्स को सीखना पड़ेगा। चलिए जानते हैं। इसके बारे में।

कम्युनिकेशन स्किल

अगर आपका कम्यूनिकेशन स्किल अच्छा है तो आप किसी भी तरह की नौकरी कर सकती हैं। कम्यूनिकेशन स्किल अच्छा करना काफी ज्यादा जरूरी हैं। आज के समय में अगर आपका कम्युनिकेशन स्किल अच्छा है तो आपको कही भी नौकरी मिल जाएंगी।

प्रॉब्लम सॉल्विंग एटिट्यूड

अगर आप किसी टास्क को पूरा कर रही हैं तो उनमें कई सारे प्रॉब्लम भी आएंगे। आपको उस प्रॉब्लम से भागने नही चाहिए। आपको प्रॉब्लम सॉल्विंग एटीट्यूड बनाना होगा। किसी भी मुसीबत से कैसे निकलना है यह आपको पता होना चाहिए। इन चीजों के जरिए ही आप कुछ नई चीजें सीख पाएंगे।

अंग्रेजी पर दें विशेष ध्यान

अगर आप भीड़ में सबसे अलग दिखना चाहते हैं तो आपको अंग्रेजी पर विशेष ध्यान देना काफी ज्यादा जरूरी है। इसके जरिए ही आपको एक अच्छी नौकरी मिनटों में मिल सकती हैं। इतना ही नहीं, आप अपनी अंग्रेजी से अपने सीनियर को इंप्रेस भी कर सकती हैं। इसके लिए आपको केवल थोड़ी सी प्रैक्टिस की जरूरत है।



STUDY IN
ITALY

मिडिल क्लास फैमिली के बच्चों को भी मिल सकता है इटली में पढ़ने का मौका

इटली बहुत ही सुंदर देश है और इटैलियन वाइन और पिज्जा के बारे में तो पूरी दुनिया जानती है, लेकिन सुंदरता और फूड से परे, इटली में स्टूडेंट्स के लिए भी काफी कुछ है। इटली एक ऐसा देश है जहां आप कई तरह की स्कॉलरशिप का मजा उठा सकते हैं। ये सिर्फ इटैलियन बच्चों के लिए ही नहीं बल्कि, इंटरनेशनल स्टूडेंट्स के लिए भी है। इंटरनेशनल स्टूडेंट्स जिनकी फैमिली में लो इनकम होती है उनके लिए यह स्कॉलरशिप अच्छी साबित हो सकती है।

इटली में स्कॉलरशिप लेकर पढ़ने की सबसे अच्छी बात यह है कि यहां स्टूडेंट्स को स्टाइपेंड भी मिलती है। यानी आपको ना सिर्फ फीस माफी और रहने की जगह मिलेगी, बल्कि आपको पैसे भी मिलेंगे। स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप और एग्जाम्स की जानकारी देने वाली इंफ्लूएंसर ने इससे जुड़ी जानकारी शेयर की है। उन्होंने एक ऐसी स्कॉलरशिप के बारे में बताया जिसे इंटरनेशनल स्टूडेंट्स के दिया जा रहा है। शर्त यह है कि उनकी फैमिली इनकम काफी कम होनी चाहिए। मिडिल क्लास फैमिली इनकम के बराबर यानी 20 से 22 लाख सालाना या उससे कम।

MAECI प्रोग्राम

Ministry of Foreign Affairs and International Cooperation (MAECI) जैसा कि नाम बता रहा है, यह विदेश मंत्रालय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग द्वारा दी जाने वाली स्कॉलरशिप है। ड्र्थ्ष्ट्ठ द्वारा यहा स्कॉलरशिप विदेशी नागरिकों और विदेश में रहने वाले इतालवी स्टूडेंट्स को दी जाती हैं। इसे एक तरह का इंटरनेशनल फॉरेन एक्सचेंज प्रोग्राम ही समझ लीजिए। यह इसलिए दी जाती है ताकि सांस्कृतिक, वैज्ञानिक और तकनीकी क्षेत्रों में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा दिया जा सके। इटली की सरकार स्थानीय इतालवी भाषा और संस्कृति को बढ़ावा दे रही है जिससे वैश्विक स्तर पर देश की छवि बेहतर हो और अर्थव्यवस्था को भी थोड़ा फायदा मिल सके।

किन कोर्सेस के लिए मिलती है स्कॉलरशिप?

- मास्टर डिग्री कोर्स
- पीएचडी डिग्री

शैक्षणिक सुपरविजन के तहत रिसर्च मॉड्यूल इतालवी भाषा का कोर्स (केवल 3 महीने के लिए)

जिसे भी MAECI प्रोग्राम के तहत स्कॉलरशिप मिलती है उसे ना सिर्फ ट्यूशन फीस नहीं देनी होती, बल्कि उसे 900 यूरो (83,223 रुपये) मासिक स्कॉलरशिप भी मिलती है। हां, ये स्कॉलरशिप सिर्फ किसी इटैलियन बैंक में ही ली जा सकती है। इसके अलावा, किसी में नहीं।

IYT प्रोग्राम

IYT (इंवेस्ट योर टैलेंट इन इटली) प्रोग्राम में भाग लेकर, छात्रों को अकादमिक और तकनीकी स्किल्स को विकसित करने का अवसर मिलता है। इस प्रोग्राम के तहत जितनी भी पढ़ाई होती है उसे इंग्लिश भाषा में सिखाया जाता है, इसलिए अगर आपको इटैलियन या इतालवी भाषा नहीं आती, तो भी दिक्कत नहीं है। इसमें मास्टर डिग्री कोर्स और मास्टर प्रोग्राम (1 साल का पीजी डिप्लोमा कोर्स) करवाया जाता है। हालांकि, इसमें बहुत सारे बेनेफिट्स हैं, लेकिन इसके लिए आपको नीचे बताए गए फील्ड्स में से किसी एक का होना होगा–

- इंजीनियरिंग
- एडवांस टेक्नोलॉजी
- इकोनॉमिक्स और मैनेजमेंट
- वास्तुकला (आर्किटेक्चर) और डिजाइन

यहां सिर्फ स्कॉलरशिप नहीं मिलती बल्कि इटैलियन कंपनियों में ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग देकर स्टूडेंट्स को एक्सपीरियंस भी दिया जाता है। यह स्कॉलरशिप काफी अच्छी मानी जाती है और इसके जरिए आप अपने लिए बहुत अच्छा करियर ऑप्शन चुन सकते हैं। इसके साथ ही, आपको IYT में ट्यूशन फीस नहीं देनी होती और साथ ही हर महीने 1000 यूरो दिए जाते हैं जो लगभग 9 महीने मिलते हैं। तो कुल राशि व 9000 मतलब भारतीय मुद्रा में 8 लाख 32 हजार रुपये के आस-पास है।

DSU

DSU (Diritto allo Studio Universitario) पूरी तरह से इटैलियन प्रोग्राम है जिसमें इटैलियन सरकार और रीजनल ऑर्गेनाइजेशन उन स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप देती हैं जिनके पास पढ़ने के लिए ठीक तरह से पैसे नहीं हैं। इसके लिए इटैलियन यूनिवर्सिटीज में बैचलर्स या मास्टर्स डिग्री के लिए अप्लाई किया जा सकता है।

DSU की ग्रांट में ये शामिल है

- इंआय के आधार पर ट्यूशन फीस में कटौती या माफी
- इंनि-शुल्क आवास
- इंनि-शुल्क या रियायती भोजन
- इंअतिरिक्त खर्चों को कवर करने के लिए मासिक भुगतान (खेल, किताबें, आदि)
- इंइस स्कॉलरशिप में लगभग 7000 यूरो सालाना यानी 6.47 लाख रुपये के आस-पास दिए जाते हैं।



एक क्लिक में कई कंपनी में भेज सकते हैं रिज्यूम, कैसे काम करता है एआई जॉब फीचर

अगर आप जॉब के लिए रिज्यूम भेजने में काफी समय लगता है, तो आप आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का सहारा ले सकते हैं।

जॉब सीकर्स के लिए जॉब ढूंढ़ना काफी मुश्किल होता है। इसके लिए रोज-रोज हर जगह रिज्यूम सेंड करना होता है। फिर भी जरुरी नहीं कि उन्हें सफलता मिल ही जाए। कई बार सीवी रिजेक्ट होते हैं और बार-बार कैंडिडेट को उदासी और डिप्रेशन का शिकार होना पड़ता है। हालांकि एक-एक जगह कंपनी को देखते हुए रिज्यूम भेजने में काफी टाइम भी लगता है और कई अवसर तो छूट भी जाते हैं। लेकिन अब इसके लिए ज्यादा परेशान होने की जरुरत नहीं। मार्केट में कई एआई जॉब टूल आ गए हैं, जो आपके सीवी को मिनटों में कई जगह पर खुद ही सेंड कर देते हैं। खास बात ये है कि आपको जॉब एप्लिकेशन फॉर्म भरने की भी जरुरत नहीं पड़ेगी। बस कुछ डिटेल्स को टूल में फिल करनी है। उसके बाद सारी जिम्मेदारी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की होती है। ये एक ही बार में हजारों कंपनियों में आपका सीवी भेज सकते हैं। आइए जानते हैं, यह कैसे काम करता है।

कैसे काम करता है जॉब जीपीटी

- जॉब जीपीटी का क्रोम एक्सटेंशन एड करके आप सिर्फ एक क्लिक में हजारों जगह जॉब के लिए अप्लाई कर सकते हैं।
- इसमें आपको जॉब से रिलेटेड स्किल्स और जॉब लोकेशन जैसे डिटेल्स भरने होंगे।
- इसके बाद एक सेशन में कितनी जगह जॉब अप्लाई करना है उसको भी सिलेक्ट करना होगा।
- यहां आपको लोकेशन, सैलरी, जॉब पोस्टिंग डेट, इंडस्ट्री, एक्सपीरियंस लेवल, जॉब टाइटल और रिमोट/ऑनसाइट बेस्ड हर ऑप्शन पर अपनी मर्जी का जॉब फिल्टर कर सकते हैं।
- इसके बाद कभी भी जब मन करें बस एक सिंगल क्लिक पर आप लगभग 1,000 जॉब के लिए सीवी भेज सकते हैं।

जॉब जीपीटी के फायदे

लिंक्डइन जैसे जॉब पोर्टल पर भी जॉब जीपीटी फीचर का फायदा मिल सकता है। इसकी खासियत ये है कि इसमें आपके समय की बचत होगी। कम समय में ज्यादा से ज्यादा जगह जॉब के लिए अप्लाई करेंगे। इससे जॉब मिलने की चांसेस भी काफी हद तक बढ़ जाएगी। किसी भी फ्री टाइम में आप इसका आसानी से इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए कोई टाइम की लिमीटेशन भी नहीं होगी।

CERTIFICATION
life is learning continuously

इंटरव्यू क्रैक करने के लिए जरूर करें गूगल के 3 फ्री ऑनलाइन कोर्स

दुनिया की सबसे बड़ी तकनीकी कंपनियों में से एक, आपको इंटरव्यू क्रैक करने में मदद करने के लिए कई मुफ्त ऑनलाइन कोर्स प्रदान करती है। ये कोर्स आपको न केवल तकनीकी जानकारी बल्कि सॉफ्ट स्किल्स भी डेवलप करने में मदद करते हैं, जो किसी भी इंटरव्यू में सफलता की कुंजी हैं।

गूगल अपने कई डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिये छात्रों एवं पेशेवरों के लिए समय-समय पर ऑनलाइन वर्कशॉप, सेमिनार, इवेंट और ऑनलाइन फ्री कोर्स की पेशकश करता है। गूगल की पहल से शुरू इन कोर्सेज में अक्सर छात्रों व पेशेवरों को उन क्षेत्रों के बारे में प्रशिक्षित किया जाता है, जिनकी जॉब मार्केट में मांग बढ़ रही है। हाल ही में गूगल ने नौकरी पर आधारित कई ऑनलाइन कोर्स की शुरुआत की है। ये कोर्स उन युवाओं के लिए अधिक उपयोगी हैं, जो पहली बार किसी इंटरव्यू या नौकरी के लिए आवेदन कर रहे हैं। साथ ही उन पेशेवरों के लिए भी लाभकारी है, जो नौकरी के साथ-साथ अतिरिक्त कौशलों को सीखना चाहते हैं। मार्केटिंग स्ट्रेटजी एंड एआई गूगल के मार्केटिंग विशेषज्ञों द्वारा डिजाइन एक घंटे के इस कोर्स के जरिये ग्राहकों से जुड़ने के लिए एआई का लाभ कैसे उठाया जाए इससे आपको परिचित करवाया जाएगा। इस कोर्स के माध्यम से यह भी बताया जाएगा कि एआई मार्केटिंग परिदृश्य को कैसे बदल रहा है और मार्केटिंग के लिए क्या अवसर मौजूद हैं।

टेलिंग स्टोरी विद डाटा विजुअलाइजेशन

45 मिनट का यह ऑनलाइन कोर्स आपको एक आकर्षक डाटा विजुअलाइजेशन बनाने के विभिन्न तरीकों के बारे में सिखाएगा। कोर्स के दौरान आपको सही विजुअलाइजेशन का चयन करना भी सिखाया जाएगा। इसलिए यह कोर्स उन छात्रों एवं पेशेवरों के लिए अधिक महत्वपूर्ण है, जो अक्सर स्कूल, कॉलेज या कार्यस्थल पर प्रेजेंटेशन देते हैं।

सोशल मीडिया स्ट्रेटजी

इस तकनीकी दौर में विभिन्न प्लेटफॉर्म एवं संगठन को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए सोशल मीडिया टीम की आवश्यकता होती है। यह कोर्स उन पेशेवरों के लिए अधिक लाभकारी है, जिनकी सोशल मीडिया में विशेष रुचि है। इस कोर्स में आपको सबसे पहले ऑनलाइन नए ग्राहकों तक पहुंचने की विभिन्न तकनीकों के बारे में बताया जाएगा। साथ ही एक सरल सोशल मीडिया स्ट्रेटजी और सोशल मीडिया पोस्ट बनाने के लिए ऐसे टूल्स के बारे में भी बताया जाएगा, जो आपका कीमती समय बचा सकते हैं।

बिल्ड ए सीवी एंड राइट ए कवर लेटर

किसी भी नौकरी में आवेदन के लिए आजकल एक अच्छे रिज्यूमे के साथ-साथ एक कवर लेटर भेजने का ट्रेंड भी खूब चलन में है। यदि आपका रिज्यूमे और कवर लेटर दोनों ही बेहतरीन हैं, तो नौकरी में सफल होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। एक घंटे के इस कोर्स में आपको एक अच्छे रिज्यूमे व कवर लेटर में अधिक महत्वपूर्ण जानकारी को साझा करने के तरीकों के बारे में बताया जाएगा। यह कोर्स नौकरी की तलाश करने वाले युवा पेशेवरों को विभिन्न टूल्स से भी परिचित करवाएगा, जिसकी मदद से आप आसानी से नौकरी पा सकते हैं।

भारतीय हॉकी टीम के आगे पाकिस्तान ने टेके घुटने

भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वि पाकिस्तान को 2-1 से हराया, विजयी अभियान जारी

दोनों गोल कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने किए; टीम की लगातार पांचवीं जीत

एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में शनिवार को डिफेंडिंग चैंपियन भारत ने पाकिस्तान को 2-1 से हरा दिया। मुकाबला चीन में हुलुनबुइर के मोकी हॉकी ट्रेनिंग बेस में खेला गया। इस टूर्नामेंट में भारत की यह लगातार पांचवीं जीत है। भारत के लिए दोनों गोल कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने किए। पाकिस्तान की ओर से अहमद नदीम ने गोल किया। भारत 5 मैच जीतकर पॉइंट्स टेबल में पहले नंबर पर है। जबकि पाकिस्तान 5 में से 2 मुकाबले जीतकर दूसरे नंबर पर है। दोनों टीमें पहले ही सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर चुकी हैं।

हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर पर किए गोल

मुकाबले के दौरान पहले क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। मुकाबले का पहला गोल पहले क्वार्टर के 7वें मिनट में पाकिस्तान के अहमद नदीम ने किया। यहां शाहीन ने शॉट खेलते हुए डी के अंदर बॉल डाली थी, जिसे नदीम ने डिफ्लेक्ट करके गोल कर दिया। इसी के साथ पाकिस्तान इस मुकाबले में 1-0 से आगे हो गया। इसके बाद 13वें मिनट में भारत ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में कन्वर्ट करके बराबरी कर ली। हरमनप्रीत सिंह ने गोल पोस्ट के राइट कॉर्नर पर ड्रैग फ्लिक करके गोल किया। दूसरे क्वार्टर की शुरुआत (19वें मिनट) में भारत को कप्तान हरमनप्रीत ने ब?त दिला दी। अभिषेक के इंजेक्ट पर हरमनप्रीत ने गोल पोस्ट के सेंटर में शॉट लिया। यही गोल निर्णायक साबित हुआ।

भारत की पाकिस्तान पर 8वीं जीत

एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की पाकिस्तान पर यह 8वीं जीत है। दोनों टीमों के बीच यह 12वां मुकाबला था। इस दौरान पाकिस्तान केवल 2 मैच जीत सका है। वहीं 2 मैच ड्रॉ रहे हैं।

सेमीफाइनल 16 को खेला जाएगा

भारत के साथ इस टूर्नामेंट में चीन, कोरिया, जापान, मलेशिया, और पाकिस्तान भाग ले रहे हैं। टूर्नामेंट का सेमीफाइनल 16 और फाइनल 17 सितंबर को खेला जाएगा।

भारत सबसे सफल टीम

एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत 13 साल पहले 2011 में हुई थी। भारतीय हॉकी टीम एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की डिफेंडिंग चैंपियन है। भारत ने चार और पाकिस्तान ने तीन बार खिताब जीता है। वहीं 2021 में साउथ कोरिया ने टाइटल जीता था।

दलीप ट्रॉफी 2024 में प्रथम-तिलक का शतक

इंडिया ए ने 380/3 के स्कोर पर पारी घोषित की; इंडिया बी के लिए ईश्वरन की सेंचुरी

स्पोर्ट्स डेस्क दलीप ट्रॉफी 2024 दूसरे राउंड के तीसरे दिन शनिवार को तीन शतक लगे। इंडिया ए की ओर से प्रथम सिंह और तिलक वर्मा ने शतक लगाया। वहीं एक अन्य मुकाबले में इंडिया सी के खिलाफ इंडिया बी के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन ने सेंचुरी लगाई। अनंतपुर में खेले जा रहे मैच में इंडिया ए ने तीसरे दिन 380/3 के स्कोर पर अपनी दूसरी पारी घोषित कर दी और इंडिया डी को जीत के लिए 488 रन का टारगेट दिया। दिन का खेल खत्म होने तक इंडिया डी ने 1 विकेट खोकर 62 रन बना लिए हैं। रिकी भुई 40 और यश दुबे 15 रन बनाकर नाबाद हैं। इंडिया बी ने इंडिया सी के 525 रन के जवाब में पहली पारी में 7 विकेट पर 309 रन बना लिए हैं। अभिमन्यु ईश्वरन 143 और वाशिंगटन सुंदर 13 रन बनाकर नाबाद लौटे।

प्रथम सिंह
122 (189) vs इंडिया डी

प्रथम और तिलक का शतक

इंडिया ए ने तीसरे दिन लंच के बाद अपनी दूसरी पारी घोषित कर दी। टीम की ओर से बल्लेबाज प्रथम सिंह और तिलक वर्मा ने शतक लगाया। प्रथम ने 189 बॉल पर 122 रन की पारी खेली। इस दौरान 12 चौके और एक सिक्स लगाया। उनके अलावा तिलक ने 193 बॉल पर 111 रन बनाए।। कप्तान मयंक अग्रवाल ने 8 चौके की मदद से 56 रन बनाए। मयंक और प्रथम ने पहले विकेट के लिए 125 रन जो?। शास्वत रावत ने नाबाद 64 रन बनाए। इंडिया डी के लिए सौरभ कुमार ने 2 विकेट झटके।

इंडिया ए ने पहली पारी में 290 रन बनाए

इससे पहले, इंडिया ए के खिलाफ इंडिया डी ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग चुनी। इंडिया ए ने पहली पारी में 290 रन बनाए। टीम के लिए शम्स मुलानी (89) और तनुष कोटियान (53) ने अर्धशतक लगाया। इंडिया डी की ओर से हर्षित राणा ने 4 विकेट झटके। विद्वत कावेरप्पा और अर्शदीप सिंह ने 2-2 विकेट लिए। सारांश जैन और सौरभ कुमार को 1-1 विकेट मिला। 290 रन के जवाब में इंडिया डी 183 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम की तरफ से सबसे ज्यादा 92 रन देवदत्त पडिक्कल ने बनाए। इंडिया ए की तरफ से खलील अहमद और आकिब खान ने 3-3 विकेट लिए। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज और इंडिया डी के कप्तान श्रेयस को खलील अहमद ने 0 के स्कोर पर पवेलियन भेजा। वे हेलमेट के अंदर चश्मा लगाकर खेलने उतरे थे। इसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज संजू 5 रन बनाकर आउट हो गए। इस तरह इंडिया ए को पहली पारी के आधार पर 107 रन की बढ़त मिली।

ईश्वरन शतक लगाकर नाबाद

इंडिया सी के खिलाफ इंडिया बी ने तीसरे दिन पहली पारी में 6 विकेट खोकर 279 रन बना लिए हैं। कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन शतक लगाकर नाबाद है। उनके अलावा टीम के ओपनर एन जगदीसन ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 137 बॉल पर 70 रन बनाए। इससे पहले, इंडिया सी के खिलाफ इंडिया बी ने टॉस जीता और पहले बॉलिंग चुनी। इंडिया सी ने पहली पारी में 525 रन पर बनाए। टीम की ओर से भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन ने शतक लगाया। उन्होंने 126 बॉल पर 111 रन की पारी खेली। उनके अलावा मानव सुथार ने 82, बाबा इंद्रजीत ने 78 और ऋतुराज गायकवाड ने 58 रन की पारी खेली।

इंडिया सी पॉइंट्स टेबल के टॉप पर

दलीप ट्रॉफी के पहले राउंड में इंडिया बी ने इंडिया ए को 76 रन से हराया, जबकि इंडिया सी ने इंडिया डी को 4 विकेट से मात दी। इंडिया सी और इंडिया बी पॉइंट्स टेबल में टॉप पर है। दोनों टीमों के 6-6 अंक हैं।

दलीप ट्रॉफी का नया फॉर्मेट

दलीप ट्रॉफी इस सीजन से नए फॉर्मेट में खेली जा रही है। यह पहले जोनल फॉर्मेट में होती थी। अब घरेलू क्रिकेट के टॉप खिला?ियों को चार टीमों में बांटा गया है। टूर्नामेंट बिना किसी नॉकआउट मैच के राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में खेला जाएगा। राउंड-रॉबिन मैचों के अंत में सबसे ज्यादा पॉइंट्स हासिल करने वाली टीम चैंपियन होगी।

सभी टीमों की प्लेइंग-11

इंडिया ए- मयंक अग्रवाल (कप्तान), प्रथम सिंह, रियान पराग, तिलक वर्मा, शास्वत रावत, कुमार कुशाग्र, शम्स मुलानी, तनुष कोटियान, प्रसिद्ध कृष्णा, खलील अहमद और आकिब खान।

इंडिया बी- अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), नितीश कुमार रेड्डी, सरफराज खान, रिंकू सिंह, मुकेश कुमार, मुशीर खान, एन जगदीसन, नवदीप सैनी, राहुल चाहर, आर साई किशोर और वाशिंगटन सुंदर।

इंडिया सी- ऋतुराज गायकवाड (कप्तान), साई सुदर्शन, रजत पाटीदार, ईशान किशन, बाबा इंद्रजीत, अभिषेक पोरेल, मानव सुथार, मयंक मारकंडे, अंशुल कंबोज, विजयकुमार वैशाख और संदीप वारियर।

इंडिया डी- श्रेयस अय्यर (कप्तान), अथर्व तायडे, देवदत्त पडिक्कल, संजू सैमसन, रिकी भुई, सारांश जैन, सौरभ कुमार, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, यश दुबे और विद्वत कावेरप्पा।

डायमंड लीग फाइनल में अविनाश नौवें स्थान पर रहेःस्टीपलचेज 3000 मीटर रेसमें 8:17.09 सेकेंड का समय लिया; आज नीरज एक्शन में

ब्रुसेल्स डायमंड लीग 2024 के स्टीपलचेज 3000 मीटर फाइनल में? अविनाश साबले नौवें स्थान पर रहे। शनिवार को ब्रुसेल्स के किंग बौडॉइन स्टेडियम में उन्होंने रेस पूरा करने के लिए 8ः17.09 सेकेंड का समय लिया। केन्या के अमोस सेरेम ने मोरक्को के पेरिस ओलिंपिक चैंपियन सौफियान एल बक्काली को हराकर डायमंड लीग का खिताब अपने नाम कर लिया। उन्होंने 8ः06.90 सेकेंड का समय लिया। जबकि मोरक्को के सौफियान एल बक्काली 8ः08ः60 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

अविनाश की शुरुआत अच्छी नहीं रही

स्टीपलचेज के इस फाइनल में 10 रेसर ने क्वालीफाई किया था। रेस की शुरुआत से ही अविनाश 10 रेसर में सबसे पीछे थे। उन्होंने बीच में लीड लेने की कोशिश की लेकिन इसमें उन्हें सफलता नहीं मिली। नेशनल रिकॉर्ड होल्डर अविनाश ने अपनी रेस नौवें स्थान पर समाप्त की। वहीं केन्या के अमोस ने दौड़ के अंतिम 400 मीटर में अपनी बढ़त बनाए रखी और एल बक्काली को पीछे छोड़ दिया।

मोहम्मद अमीन तीसरे स्थान पर

फाइनल में पहले स्थान पर केन्या के अमोस सेरेम, दूसरे स्थान पर मोरक्को के सौफियान एल बक्काली और तीसरे स्थान पर रहकर ट्यूनीशिया के मोहम्मद अमीन झिनाउई ने 8ः09.68 सेकंड का समय लिया।

Suryakumar ने भारत के युवा खिलाड़ियों से कहा, खुद पर भरोसा रखें, आप सब विशिष्ट कौशल के धनी हैं

बेंगलुरु । भारत के विस्फोटक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने यहां भारतीय अंडर-19 टीम में शामिल खिलाड़ियों को अपने अद्वितीय कौशल का अच्छी तरह से इस्तेमाल करने, टीम के रूप में एकजुट होने और प्रक्रिया पर अधिक ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया। खेल के सबसे छोटे प्रारूप से रोहित शर्मा के संन्यास लेने के बाद भारत के टी20 कप्तान नियुक्त किए गए 33 वर्षीय सूर्यकुमार ने भारत की जूनियर टीम की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 21 सितंबर से शुरू होने वाली श्रृंखला से पहले यहां राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अंडर-19 क्रिकेटरों के साथ बातचीत की। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक्स पर पोस्ट किया,''भारत की लड़कों की अंडर-19 टीम में शामिल खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम के खिलाफ श्रृंखला की तैयारियों के तहत राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अपने शिविर के इतर भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ बातचीत करने का सुनहरा अवसर मिला।'' एनसीए के एक सूत्र ने कहा कि सूर्यकुमार ने लड़कों से कहा कि वे अपने अद्वितीय कौशल के साथ पूरा न्याय करें और प्रक्रिया पर भरोसा रखें।

जोंटी रोड्स के सिर पर था गौतम गंभीर का हाथ, फिर भी नहीं बन पाए फील्डिंग कोच, अब जताई हैरानी

नई दिल्ली- भारतीय क्रिकेट टीम में नए कोचिंग स्टाफ की नियुक्तियां पूरी हो चुकी है। गौतम गंभीर को राहुल द्रविड़ की जगह टीम इंडिया का मुख्य कोच बनाया गया था। इसके साथ ही गंभीर को बीसीसीआई की तरफ से ये आजादी मिली थी कि वह अपने पसंद के सहयोगी स्टाफ का चयन कर सकते हैं। इसमें अभिषेक नायर समेत बॉलिंग कोच के तौर पर मोर्ने मोर्कल की नियुक्ति हुई है। गंभीर के दिमाग में फील्डिंग कोच के तौर पर साउथ अफ्रीका के पूर्व दिग्गज जोंटी रोड्स का भी नाम था, लेकिन उनकी नियुक्ति नहीं हो पाई। ऐसे में अब रोड्स ने खुद हैरानी जताई है। रोड्स ने एक इंटरव्यू में बताया कि गौतम गंभीर का फील्डिंग कोच के रूप में उन्हें समर्थन हासिल था, लेकिन इसके बावजूद जब उनके नाम पर विचार नहीं किया गया है तो उन्हें काफी हैरानी हुई। बता दें कि जोंटी रोड्स दुनिया के सबसे बेहतरीन फील्डर में से एक रहे हैं और कई टीमों का फील्डिंग कोच भी रह चुके हैं। जोंटी रोड्स इंडियन प्रीमियर लीग में गौतम गंभीर के साथ काम कर चुके हैं। गंभीर लखनऊ सुपरजायंट्स के मेंटोर थे, जबकि रोड्स टीम के फील्डिंग कोच के तौर पर काम कर रहे थे। ऐसे में गंभीर और रोड्स दोनों एक-दूसरे को बेहतर तरीके से समझते भी थे। हालांकि, गंभीर ने साल 2024 में लखनऊ का साथ छोड़कर कोलकाता नाइट राइडर्स चले गए थे, जबकि रोड्स लखनऊ में ही बने रहे।

दुनिया के सबसे ताकतवर बॉडी बिल्डर की हार्ट अटैक से हुई मौत, 61 इंच छाती और 25 इंच थे बाइसेप्स



नई दिल्ली- दुनिया के सबसे ताकतवर बॉडी बिल्डर इलिया गोलेम येफिमचिक का हार्ट अटैक से निधन हो गया। बेलारूस के 36 साल के इस महाबली को देखकर कोई अंदाजा नहीं लगा सकता था कि उनके शरीर में कोई बीमारी होगी। उन्हें छह सितंबर को हार्ट अटैक के बाद हेलिकॉप्टर से अस्पताल पहुंचाया गया था। तब से वह कोमा में थे। छह दिन बाद उन्होंने आखिरी सांस ली। उन्हें %म्यूटेंट% के नाम से भी जाना जाता था। इलिया गोलेम येफिमचिक का शरीर भीमकाय था। उनका वजन 340 पाउंड (154 किलोग्राम), कद 6.1 फीट, छाती 61 इंच और बाइसेप्स 25 इंच थे। विशेषज्ञों का कहना है कि बॉडी बिल्डर्स में हार्ट अटैक का कारण ज्यादा स्टेरॉइड्स का सेवन या ज्यादा ट्रेनिंग हो सकती है। कुछ मामलों में डिहाइड्रेशन और खराब आहार भी जिम्मेदार होते हैं।

हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय महिला कोचिंग शिविर के लिए 33 सदस्यीय कोर संभावित टीम की घोषणा की

SORENG
71
LALREMSIAMI
20

15 सितंबर से 9अक्टूबर तक होने वाले राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए शनिवार को 33 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की। यह शिविर बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के परिसर में लगेगा। यह शिविर 11 से 20 नवंबर तक बिहार के नवनिर्मित राजगीर स्टेडियम में खेली जाने वाली महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम की तैयारी की शुरुआत होगी। हॉकी इंडिया ने 15 सितंबर से 9अक्टूबर तक होने वाले राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए शनिवार को 33 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की। यह शिविर बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के परिसर में लगेगा। यह शिविर 11 से 20 नवंबर तक बिहार के नवनिर्मित राजगीर स्टेडियम में खेली जाने वाली महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम की तैयारी की शुरुआत होगी। भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''आगामी राष्ट्रीय महिला कोचिंग शिविर महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हमारी तैयारियों में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इंग्लैंड ने दूसरे टी-20 में ऑस्ट्रेलिया को हराया

लियाम लिविंगस्टोन प्लेयर ऑफ द मैच, सीरीज 1-1 से बराबर

कार्डिफ इंग्लिश बल्लेबाज लायम लिविंगस्टोन और जैकब बेथेल ने 90 रन की मैच विनिंग पार्टनरशिप की। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही 3 मैचों की टी-20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को 3 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ सीरीज 1-1 से बराबर हो गई है। पहला मैच ऑस्ट्रेलिया 28 रन से जीता था। कार्डिफ के सोफिया गार्डन्स स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में इंग्लैंड के कप्तान फिल सॉल्ट ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। ऑस्ट्रेलिया ने जेक फेजर-मैकगर्क की पहली हाफ सेंचुरी और जोश इंग्लिश के 42 रन की मदद से 6 विकेट खोकर 193 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लिश ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन ने शानदार बल्लेबाजी की। उनके 87 और जैकब बेथेल के 44 रन की मदद से इंग्लैंड ने 19वें ओवर में 7 विकेट में 194 रन बनाकर जीत दर्ज की। लायम लिविंगस्टोन के मैच में 87 रन और 2 विकेट के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

पावरप्ले में दोनों टीम ने 10 के रनरेट से रन बनाए

ऑस्ट्रेलिया ने पावरप्ले के 6 ओवर में 1 विकेट खोकर 67 रन बनाए। यहां दोनों ओपनर्स, मैथ्यू शॉर्ट और ट्रैविस हेड ने पहले विकेट के लिए 26 बॉल पर 52 रन जो?। ऑस्ट्रेलिया ने अपने पहले 50 रन महज 4 ओवर में बनाए। इंग्लैंड के कप्तान फिल सॉल्ट ने शानदार शुरुआत दी। उन्होंने 23 बॉल पर 39 रन बनाए जिसकी मदद से टीम ने शुरुआती 6 ओवर में 2 विकेट खोकर 65 रन बनाए।

जैक फेजर मैकगर्क की पहली फिफ्टी

22 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज जैक फेजर मैकगर्क ने इंग्लैंड के खिलाफ अपनी पहली हाफ-सेंचुरी लगाई। उन्होंने 161 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 31 बॉल पर 50 रन बनाए। पारी में मैकगर्क ने 4 चौके और 2 छक्के लगाए। उनके अलावा विकेटकीपर जोश इंग्लिस ने भी 42 रन की तेज पारी खेली। कप्तान ट्रैविस हेड ने 14 बॉल में 31 रन बनाए। इंग्लैंड की तरफ से ब्रीडन कार्स और लायम लिविंगस्टोन ने 2-2 विकेट लिए। जबकि सैम करन और आदिल रशीद को 1-1 विकेट मिला।

लायम लिविंगस्टोन ने मैच जिताया

194 रन के टारगेट का पीछा करते हुए कप्तान फिल सॉल्ट ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। सॉल्ट ने 23 गेंद में 39 रन बनाए। इसके बाद विल जैक्स और जॉर्डन कॉक्स जल्दी आउट हो गए। चौथे नंबर पर उतरे लायम लिविंगस्टोन ने पारी को संभाला और विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 185 के स्ट्राइक रेट से 47 बॉल में 87 रन ठोके। उन्होंने अपनी इस पारी में 6 चौके और 5 छक्के भी लगाए। इसके अलावा जैकब बेथैल ने 24 गेंद पर 44 रन ठोके। दोनों ने मिलकर 47 बॉल पर 90 रन जो?।

ऑलराउंडर मैथ्यू शॉर्ट ने 5 विकेट लिए

ऑस्ट्रेलिया के लिए गेंदबाजी में ऑलराउंडर मैथ्यू शॉर्ट ने 3 ओवर में 22 रन देकर 5 विकेट झटके। उन्होंने अपने पहले ओवर में फिल सॉल्ट को, दूसरे ओवर में जैकब बेथेल और सैम करन को और तीसरे ओवर में लायम लिविंगस्टोन और ब्रीडन कार्स को आउट किया। उनके अलावा सीन एबॉट ने भी 2 विकेट लिए।

खबर-खास

सैमसंग ने गैलेक्सी S24 अल्ट्रा की कीमतों में की कटौती, भारत में अब सिर्फ 1,09,999 रुपये में उपलब्ध

रायपुर। सैमसंग, भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड ने आज अपने लोकप्रिय स्मार्टफोन, गैलेक्सी S24 अल्ट्रा की नई कीमतों की घोषणा की है। गैलेक्सी S24 अल्ट्रा अब सीमित समय के ऑफर के तहत 12 सितंबर 2024 से सिर्फ 1,09,999 रुपये में उपलब्ध होगा, जबकि इसकी असली कीमत 1,29,999 रुपये थी। इस खास कीमत में 8000 रुपये का इंस्टेंट कैशबैक और 12,000 रुपये का अपग्रेड बोनस शामिल है। इसके अलावा, ग्राहक 12,000 रुपये का बैंक कैशबैक भी पा सकते हैं और 24 महीने की बिना ब्याज वाली EMI का विकल्प भी चुन सकते हैं। गैलेक्सी S24 अल्ट्रा ने मोबाइल तकनीक के नए युग में कदम रखा है, जिससे ग्राहकों को गैलेक्सी AI के साथ बहुत कुछ करने की सुविधा मिलती है। इस फोन ने बातचीत को एक नए तरीके से पेश किया है। अब फोन कॉल्स के दौरान लाइव अनुवाद किया जा सकता है, जिसमें दोनों तरफ की आवाज़ और टेक्स्ट का रियल-टाइम ट्रांसलेशन होता है। इंटरप्रेटर फीचर के जरिए, बातचीत को स्प्लिट-स्क्रीन पर तुरंत अनुवाद किया जा सकता है, और ये फीचर मैसेजेस और दूसरे ऐप्स पर बिना इंटरनेट के भी काम करता है। चैट असिस्ट फीचर, बातचीत के दौरान सही और समान स्वर बनाए रखने में मदद करता है। सैमसंग कीबोर्ड अब हिंदी समेत 13 भाषाओं में रियल-टाइम मैसेज ट्रांसलेट कर सकता है।

ज़्यादालोड, स्मार्ट धुलाई: सैमसंग की नई बिस्पोक एआई वॉशिंग मशीन रेंज भारतीय परिवारों के लिए बेहतरीन विकल्प

रायपुर। भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने हाल ही में 12 किलोग्राम की क्षमता वाली 10 नई बड़ी फ्रंट लोड वॉशिंग मशीनों की रेंज लॉन्च की है। यह नई बिस्पोक एआई वॉशिंग मशीनें भारतीय परिवारों की धुलाई की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाई गई हैं, जिससे लॉन्ड्री केयर में एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। यह रेंज भारतीय उपभोक्ताओं की अलग-अलग जरूरतों और पसंद को पूरी तरह से पूरा करती है।

भारतीय उपभोक्ताओं के लिए खास लाइन-अप: उदाहरण के लिए, सबसे उन्नत फ्लैगशिप 12 किग्रा मॉडल, फ्लैट ग्लास डोर के साथ आता है और इसे ब्लैक और इकोनेवी जैसे प्रीमियम रंगों में पेश किया गया है। इसमें AI वॉश की खासियत है, जो एडवांस सेंसिंग तकनीक का इस्तेमाल करके कपड़ों के लोड, वजन, कोमलता, पानी और डिटर्जेंट के स्तर का पता लगाती है। इससे आपको हर बार बेहतरीन धुलाई मिलती है। इसके अलावा , AI कंट्रोल सुविधा आपके वॉशिंग पैटर्न को समझकर समय के साथ आपकी जरूरतों के अनुसार काम करती है और AI एनर्जी, बिजली की खपत को भी नियंत्रित करती है, जिससे धुलाई आसान और किफायती हो जाती है।

कलर्स पेश करता है दुर्गा : समानता की सीमाओं को चुनौती देने वाली एक महान प्रेम गाथा

रायपुर। जब सामाजिक बंटवारा किसी सपने देखने वाले मन को समाज की बेड़ियों में कैद करने की कोशिश करता है, तो 'मुझे हक है...' की भावना हथौड़ा बनकर उन सामाजिक ज़ंजीरों को तोड़ देती है और इन बाधाओं से ऊपर उठने के अधिकार को पुन: प्राप्त कर लेती है। कलर्स प्रस्तुत करता है 'दुर्गा', एक आदिवासी लड़की की प्रेरणादायक प्रेम गाथा जो मेडिकल की फील्ड करियर बनाने के लिए सामाजिक मानदंडों को चुनौती देती है, और राजवंशी उत्तराधिकारी अनुराग के लिए प्यार करती है, जबकि उसे शक्तिशाली आदिवासी महिला पानी बाई के प्रबल विरोध का सामना करना पड़ता है।

नाम परिवर्तन

मैं श्रीमती मथुरा पति श्री प्रवीण लोनारे, उम्र- 39 वर्ष, निवासी- कबीर कुटी के पास, दुर्गा पारा, केम्प-2, भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) की निवासिनी हूं द्य मेरा आधार कार्ड नंबर- 7729 1259 7413 है द्य मेरे पहले के आधार कार्ड एवं एच. डी. एफ सी. बैंक पासबुक में मेरा नाम माया लोनारे दर्ज है द्य मेरे द्वारा जब अपना नया आधार कार्ड बनवाया गया है, उसमें मेरे द्वारा अपना नाम सुधार कराकर मथुरा दर्ज कर लिया गया है एवं मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्र, परिचय पत्र व बैंक ऑफबड़ौदा के पासबुक में मेरा नाम मथुरा दर्ज है द्य माया लोनारे एवं मथुरा उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है अर्थात मेरे स्वयं का नाम है द्य जोकि सत्य व सही है द्य मैं अपने बैंक पासबुक एवं अन्य शासकीय, अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में अपना सही नाम मथुरा दर्ज करवाना चाहती हूं जिसके संबंध में यह शपथपत्र प्रस्तुत है द्य अत: शपथपत्र सक्षम अधिकारी, शासकीय मुद्रणालय, राजनांदगांव के समक्ष मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम मथुरा दर्ज करने के संबंध में गजट प्रकाशन हेतु प्रस्तुत करना है द्य

शपथकर्ती
मथुरा

लंबित बीमा राशि मिलने पर बीमा कंपनी एवं सरकार के प्रति किसानों का विश्वास बढ़ा

शंकर लहरे/ सागरपाली (समय दर्शन)। बसना विखं के सैकड़ों किसानों की लंबित फसल बीमा राशि लंबे संघर्ष और काफी जद्दोजहद के बाद मिलने से जहाँ किसानों के चेहरे पर खुशी लौटी है, वहीं बीमा कंपनी के प्रति विश्वास भी बढ़ा है। बसना विखं के ग्राम रोहिना, बिछिया, कापूडीह, दुलारपाली के किसानों के खातों में बीमा की राशि जमा होने की जानकारी मिलने पर किसानों ने खुशी जाहिर की है। रोहिना गांव में करीब 3 सौ एकड़ में ली गई गेंहू फसल का बीमा कराया गया था। प्रति एकड़ करीब 6700 रु. के मान से बीमा राशि प्राप्त होने की जानकारी दी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार बसना विखं के करीब दर्जन भर गांवों के सैकड़ों किसानों ने रबी सीजन 2023 में गेहूं फसल के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा कराया था। 20 मार्च को हुई बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि से रोहिना क्षेत्र में रबी फसल को काफी नुकसान पहुंचा था। फसल क्षति का आकलन राजस्व, कृषि विभाग एवं बीमा कंपनी द्वारा कराया गया। फसल कटाई प्रयोग की जानकारी भी शासन को भेजी गई थी मगर बीमा राशि मिलने में काफी विलंब हो रहा था।

अमूमन फसल बीमा की राशि जून महीने में मिल जाना चाहिए था मगर जब जुलाई महीने में भी बीमा राशि नहीं मिली तो किसानों ने इसकी जानकारी कृषि विभाग, राजस्व एवं बीमा कंपनी से ली गई मगर सटीक जानकारी के अभाव में किसान सरकारी दफ्तरों का चक्कर काटने विवश थे। किसानों ने बताया कि कृषि विभाग का कहना था कि फसल कटाई प्रयोग संबंधी जानकारी उच्च कार्यालय को भेज दिया गया है मगर बीमा कंपनी की टोल फ्री नंबर पर बात करने पर बताया गया कि बसना ब्लॉक का डाटा ही उपलब्ध नहीं है। किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल दिनांक 31.07.2024 को उपसंचालक, संचालक कृषि, कलेक्टर महासमुन्द एवं बीमा कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक से मिलकर बीमा राशि दिलाये जाने की मांग की गई। इसके लिए डीडीए महासमुंद, भू अभिलेख शाखा महासमुंद, संचालनालय कृषि एवं बीमा कंपनी से तिलमेल बिठाते हुए डाटा उपलब्ध कराया गया। क्षेत्रीय प्रबंधक बीमा कंपनी से संपर्क किया गया तो किसानों को आश्वस्त किया गया कि फसल कटाई प्रयोग का डेटा मिल जाता है तो हफ्ते पंद्रह दिन के भीतर फसल बीमा की राशि किसानों के खाते में जमा हो जाएगी।

बीमा राशि को लेकर किसानों ने जनप्रतिनिधियों से भी गुहार लगाई। विधायक चातुरी नंद ने किसानों से जुड़े इस मामले को विधानसभा पटल पर रखी। सांसद रूपकुमारी चौधरी से किसानों ने मिलकर ने बीमा राशि जल्द दिलाए जाने मांग रखी थी जिस पर जल्द बीमा राशि मिलने का आश्वासन दिया गया । ग्राम रोहिना के बसंत नायक, दिवाकर साहू, विजय साहू, चूड़ामणि साहू, गिरधारी साहू, रूपानंद साहू, वीरेंद्र सेठ आदि किसानों ने बताया कि बीमा राशि मिलने से किसानों का बीमा कंपनी एवं सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

किसानों की जरूरत के समय मिली बीमा राशि- प्राकृतिक आपदा के समय फसल के लिये प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सुरक्षा कवच है। कुछ तकनीकी समस्या के चलते बीमा राशि प्राप्त होने में विलंब जरूर हुआ है। कृषि विभाग का हमेशा किसानों के साथ सहयोग बना रहा है जिसके चलते बीमा राशि मिली है। बीमा राशि ऐसे समय में प्राप्त हुई है जब किसानों को खाद दवा, निंदाई गुड़ाई के लिये पैसे की आवश्यकता है।

परमानंद सामल
वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी
बसना

कलेक्टर अग्रवाल देर रात अचानक पहुंचे जिला अस्पताल

स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा, मरीजों से जाना हालचाल

दवाई दुकान बंद पाए जाने पर जताई नाराजगी

गरियाबंद (समय दर्शन)। जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए सजग एवं गंभीर कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने शनिवार देर रात जिला अस्पताल गरियाबंद का औचक निरीक्षण किया।लगभग एक घंटे तक अस्पताल के विभिन्न वार्डों,स्टोर रूम,ड्रेसिंग कक्ष,ओटी एवं अस्पताल परिसर का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया।उन्होंने ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों से जिला अस्पताल में प्रदान किए जा रहे स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।साथ ही ड्यूटी चार्ट मांग कर ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों की उपस्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में

बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जाए,जिससे मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो।उन्होंने इमरजेंसी ड्यूटी चार्ट सामने में लगाने के निर्देश दिए,जिससे लोगो को आसानी से जानकारी मिल सके।इस दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अस्पताल के पुरुष एवं महिला वार्डों में जाकर भर्ती मरीजों से तन्मयता से उनका हाल चाल जाना।साथ ही उनके परिजनों से इलाज की व्यवस्था एवं डॉक्टर की उपलब्धता के बारे में भी जानकारी ली।इसके अलावा भर्ती मरीजों को दिए जाने वाले भोजन बारे में भी पूछा। निरीक्षण के दौरान जन औषधि केंद्र और धनवंतरी मेडिकल स्टोर रात में बंद पाया गया।इस पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई।साथ ही स्टोर रूम में भी दवाई अव्यवस्थित पाए जाने पर नाराजगी जताते हुए व्यवस्थित करने के निर्देश दिए।इस दौरान एसडीएम राकेश गोलछा सहित डॉ.हरीश चौहान एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिला अस्पताल परिसर का निरीक्षण कर सभी चीजों को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए।उन्होंने परिसर में फैले गंदगी पर नाराजगी जताते हुए सफाई करने के निर्देश दिए।साथ ही गलियारों के आसपास उग आए घासों को सफाई करवाने के निर्देश दिए।उन्होंने शौचालयों को स्वच्छ रखने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों को अव्यवस्थाओं का सामना ना करना पड़े।कलेक्टर ने जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या को देखते हुए रात में 2 डॉक्टरों की ड्यूटी लगवाने के निर्देश दिए।जिससे रात्रि में भी मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके।उन्होंने पार्किंग एरिया का निरीक्षण कर पार्किंग को व्यवस्थित एवं परिसर में पर्याप्त लाइटिंग करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने एनआरसी रूम का भी अवलोकन किया।गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों के इलाज के लिए संचालित एनआरसी में भर्ती बच्चों को प्रदान किए जा रहे स्वास्थ्य सुविधाओं का भी जायजा लिया।कलेक्टर ने अस्पताल में मौजूद सुरक्षा व्यवस्था की भी जानकारी लेकर अस्पताल एवं मरीजों की सुरक्षा में कोताही नहीं बरतने के निर्देश दिए।

जिले के साउंड सिस्टम संघ ने खोला मोर्चा

साउंड सिस्टम में छूट देने की रखी मांग

गरियाबंद (समय दर्शन)। न्यायालय द्वारा जारी किए गए साउंड सिस्टम के लिए विभिन्न निर्देशों को लेकर गत दिवस स्थानीय सिटी कोतवाली में जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एसडीएम के साथ अन्य अधिकारियों को उपस्थिति में नगर के गणमान्य नागरिकों और साउंड सिस्टम संघ के लोगो को न्यायालय द्वारा जारी साउंड सिस्टम के गाइड लाइन की जानकारी दिए और उन नियमों को कठोरता से पालन करने का निर्देश दिया गया।जारी उन निर्देशों के तहत बैठक के ही दिन क्षेत्र में आयोजित कुछ कार्यक्रमों को निरस्त कर रविवार को स्थानीय साईं मंदिर परिसर में जिला संघ के सदस्यों का आकस्मिक बैठक रखा गया।वही बैठक में आए सदस्यों ने अपनी समस्या बताते हुए कहा की टेंट हाउस संग साउंड सिस्टम की दुकान खोलने के लिए उनके द्वारा लाखो रुपए का ऋण निजी और सरकारी बैंकों से लिया गया है,लेकिन न्यायलय द्वारा जारी ये निर्देश के अचानक आ जाने से वे असमंजस की स्थिति में आ गए है,और ऋण चुकाने में आने वाले परेशानियों को लेकर चिंतित है।इस बैठक के दौरान ही एक सदस्य द्वारा बताया कि जिले के ही ग्राम पिपरछेड़ी में सोमवार को सांस्कृतिक कार्यकम आयोजित है जिसमे क्षेत्र का ही एक जनप्रतिनिधि मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हो रहा है।इस बात को सुनकर संघ के सदस्यों में आक्रोश बढ़ गया।वही निर्णय लिया गया की जब तक प्रशासन द्वारा साउंड सिस्टम चलाने छूट नहीं दिया जाता तब तक किसी भी कार्यक्रम में जिले के कोई भी साउंड सिस्टम संघ के सदस्यों द्वारा साउंड सिस्टम नही लगाया जाएगा,और न ही बाहर से आए साउंड सिस्टम को चलने दिया जाएगा।साथ ही निर्णय लिया गया की अगर अनुमति नहीं दी जाएगी तो आने वाले समय में वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की छात्राओं ने हिस्सा लिया और अपनी कला का परचम लहराते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया

गरियाबंद (समय दर्शन)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जिसमें बच्चो को उत्कृष्ट शिक्षा के साथ साथ बहुमुखी प्रतिभा को भी निखारने का काम किया जाता है। जिसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां जैसे खेल कूद,सामाजिक,व सांस्कृतिक गतिविधियां इत्यादि प्रकार का आयोजन शुरु से ही किया जाता रहा है।जिसमें स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय गरियाबंद के छात्र छात्राएं हमेशा से ही बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते रहे हैं और अपने हुनर तथा काबिलियत का लोहा मनवाते रहे हैं।इसी तारतम्य में इस सत्र में विद्यालय में जनसंख्या शिक्षा के अंतर्गत जनसंख्या शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों की थीम पर आधारित नाटक,लोक नृत्य,पोस्टर मेकिंग,रोल प्ले का आयोजन जिला स्तर पर किया गया था,जिसमें आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के बच्चे लोक नृत्य में चयनित होकर, 13 सितम्बर को संभाग स्तरीय रायपुर में प्रोफेसर जे एन पांडे स्कूल में बच्चों द्वारा लोक नृत्य में अपनी प्रस्तुति दी।जिसमे स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय गरियाबंद की छात्राओं ने हिस्सा लिया और

एस.सी.ई.आर.टी. छत्तीसगढ़ रायपुर
संभाग स्तरीय जनसंख्या शिक्षा कार्यक्रम प्रतियोगिता 2024-25
रोल प्ले (नाटक) / फोक डांस / पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता
दिनांक - 13/09/2024

अपनी कला का परचम फहराते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया।इस कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागी छात्राएं कु.लिसा साहू,तृषा मनहर,हिमानी सोनवानी,मोनाली ठाकुर,दिव्या ध्रुव,फलक कुरैशी रहीं।संस्था के प्रमुख प्राचार्य दीपक कुमार बौद्ध ने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए बताया कि ये बच्चे हमारे विद्यालय की गरिमा को सदैव ऊंचाई तक ले जाते रहेंगे और आने वाले दिनों में अपने समाज एवम् देश को गौरवान्वित करते रहेंगे। इस अवसर पर संस्था की प्रधान अध्यापिका नर्गिस कुरेशी, अर्चना पचबिए एवं समस्त स्टॉफ ने प्रतिभागियों एवं सांस्कृतिक प्रभारी बागेश्वरी कुंजाम को बधाई दी साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए ऐसे ही भविष्य मे आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया।

सोनी इंडिया ने बेहतरीन ऑडियो क्वालिटी के साथ लॉन्च किया एसए-डी40एम2 होम थिएटर स्पीकर सिस्टम

रायपुर। सोनी इंडिया ने आज अपने स्टाइलिश और किफायती एसए-डी40एम2 होम थिएटर स्पीकर सिस्टम के लॉन्च की घोषणा की। सोनी का मशहूर स्पीकर लाइनअप शानदार ऑडियो और बेहतर कनेक्टिविटी के साथ आपके मनोरंजन के अनुभव को बढ़ाता है। एसए-डी40एम2 स्पीकर सिस्टम में शक्तिशाली 100वाट का आउटपुट है, जो मज़बूत और इमर्सिव ऑडियो अनुभव सुनिश्चित करता है। यह हाई-पावर आउटपुट सभी आवृत्तियों पर स्पष्ट, गतिशील साउंड प्रदान करता है, जो आपके सुनने के आनंद को बढ़ाता है चाहे आप फिल्म देख रहे हों, गेम खेल रहे हों या संगीत का आनंद ले रहे हों। पर्याप्त वाट क्षमता न केवल उत्कृष्ट वॉल्यूम का स्तर प्रदान करती है बल्कि यह भी सुनिश्चित करती है कि हाई वॉल्यूम पर भी ऑडियो अपनी स्पष्टता और गहराई बनाए रखे। यह पावर आउटपुट किसी भी कमरे को समृद्ध, बारीकी वाले साउंड से गूंजने के लिए तैयार किया गया है, जो एसए-डी40एम2 को घर पर बेहतर ऑडियो सुनने शौकीनों के लिए आदर्श विकल्प है। एसए-डी40एम2 में 4.1 चैनल कॉन्फिगरेशन है, जिसमें चार कॉम्पैक्ट सैटेलाइट स्पीकर और एक शक्तिशाली सबवूफर का संयोजन है। यह सेटअप एक इमर्सिव सराउंड साउंड अनुभव प्रदान करता है, जो ऑडियो की गहराई और स्पष्टता को बढ़ाता है। चार सैटेलाइट स्पीकर सटीक, डायरेक्शन साउंड प्रदान करते हैं, जबकि सबवूफर समृद्ध, प्रभावशाली बेस सुनिश्चित करता है।

न्यायालय तहसीलदार अहिवारा,
जिला दुर्ग (छ.ग.)
रा0प्र0क्र0/202408104000094/अ-6 (अ) /
वर्ष 2023-24
ग्राम: परसदा, प.ह.नं. 01

//उद्घोषणा//

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक आशीष इंडस्ट्रीज एंड कार्मस इण्टरप्राइजेस प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर श्री अरविंद जैन आ0 जे.पी. जैन, पता-43. नेहरू नगर भिलाई, द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत छ0ग0 भू राजस्व संहिता की धारा 115 के तहत आवेदन पेश किया गया है कि मौजा ग्राम परसदा प0ह0नं0 01 तहसील अहिवारा, जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 552, 553, 596 रकबा क्रमश: 0.90, 0.43, 1.50 हे0 भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में आशीष इंडस्ट्रीज एंड कार्मस इण्टरप्राइजेस प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर श्री अरविंद जैन आ0 जे.पी. जैन के नाम पर भूमिस्वामी हक मे दर्ज है। उक्त वाद भूमि खसरा नंबर 556 रकबा 0.84 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर अहस्तांतणीय भूमि दर्ज है। जिसे सुधार कर अहस्तांतणीय शब्द को विलोपित किये जाने हेतु आवेदन पत्र के साथ अन्य दस्तावेजो की छायाप्रति इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव इस आवेदन के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति, दावा हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 27/09/2024 को या उसके पूर्व कार्यालयीन दिवस को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 09/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील-मुहर से जारी किया गया है।

पेशी दिनांक :- 27/09/2024
जारी दिनांक:- 09/09/2024

मुहर

तहसीलदार
अहिवारा,जिला दुर्ग (छ. ग.)

//न्यायालय तहसीलदार दुर्ग//
मामले की श्रेणी: राजस्व
संदर्भ:- जिला- दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न.-00041
तितुरडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध
प्रकरण क्रमांक- आरडी202324430103800047

//ईश्तहार//

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00041 के अंतर्गत ग्राम तितुरडीह के वर्तमान भूमिस्वामी कृष्णाराव पिता/पति-पि.गोविन्दराव पता-तितुरडीह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 10/50(0.0240) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती वेनूकामता बारसकर पिता/पति-स्व. कृष्णाराव बारसकर पता-सिंधियानगरतितुरडीह, वैभव बारसकर पिता/पति-स्व. कृष्णाराव बारसकर पता-सिंधियानगर तितुरडीह, बीना बारसकर पिता/पति-स्व. कृष्णाराव बारसकर पता-सिंधियानगर तितुरडीह, वैष्णवी बारसकर पिता/पति-स्व. विजय बारसकर पता-सिंधियानगर तितुरडीह, मंजू देशमुख पिता/पति-स्व. कृष्णाराव बारसकर पता-सिंधियानगर तितुरडीह, श्रीमती अनिता बारसकर पिता/पति-स्व. विजय बारसकर पता-सिंधियानगरतितुरडीह के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30/09/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदारदुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया। जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12/09/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग, जिला दुर्ग

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
तांदुला जल संसाधन संभाग,
दुर्ग (छ.ग.)

आदेश क्रमांक 4408/व.ले.लि./2024-25 दुर्ग, दिनांक 10.09.2024

सिस्टम निविदा क्र. 153876/NIT.No. : 58/SAC/2023-24, Durg, Dated: 15.03.2024 के माध्यम से दुर्ग जिले के विकासखण्ड दुर्ग की सिंचाई कॉलोनी मोहन नगर दुर्ग में 08 नग आवासीय भवन एच-टाईप एवं जी-टाईप का जीर्णोद्धार एवं नव निर्माण कार्य की आमंत्रित निविदा में न्यूनतम निविदाकार द्वारा कार्य करने में असमर्थता व्यक्त कर अनुबंध करने से इंकार करने के फलस्वरूप अमानत राशि को राजसात करते हुए निरस्त की जाती है.

जी. नंबर- 08494

(सुरेश कुमार पाण्डेय)
कार्यपालन अभियंता
तांदुला जल संसाधन संभाग
दुर्ग (छ.ग.)

G-242502470/3

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता
तांदुला जल संसाधन संभाग दुर्ग (छ.ग.)

ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 03.10.2024 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है:-

सिस्टम निविदा क्र निविदा सूचना क्र./ दिनांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत
सिस्टम निविदा क्र. 158362/निविदा सूचना क्र. 11/वलेलि/2024-25, दुर्ग दिनांक 12.09.2024	दुर्ग जिले के विकासखण्ड पाटन की खारून नदी पर खुड़मुड़ा पार्ट-2 बाढ़ नियंत्रण योजना निर्माण कार्य।	रू. 295.40 लाख
सिस्टम निविदा क्र. 158363/निविदा सूचना क्र. 12/वलेलि/2024-25, दुर्ग दिनांक 12.09.2024	दुर्ग जिले के विकासखण्ड पाटन की खारून नदी पर घुघवा बाढ़ नियंत्रण योजना निर्माण कार्य।	रू. 288.03 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 19.09.2024 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।
नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
तांदुला जल संसाधन संभाग,
दुर्ग (छ.ग.)

G-242502475/1

दैनिक समय दर्शन
web: - www.samaydarshan.org

संक्षिप्त-खबर

नमो नमो संगठन का जिला अध्यक्ष बनाए गये वरिष्ठ पत्रकार रमेश श्रीवास्तव

पिथौरा (समय दर्शन)। नमो नमो संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर अरुण कुमार शर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री विनोद अग्रमोदी के अनुशंसा पर ग्राम-लाखागढ़, पोस्ट-पिथौरा, जिला- महासमुंद छत्तीसगढ़ निवासी वरिष्ठ पत्रकार रमेश कुमार श्रीवास्तव को महासमुंद जिले का नमो नमो संगठन का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह भारतीय जनता पार्टी के विचारधाराओं का संगठन है और इस देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी से आशीर्वाद प्राप्त संगठन है। इस संगठन का उद्देश्य प्रधानमंत्री जी के विचारधारा एवं कार्यों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है। वर्तमान में महासमुंद जिला अध्यक्ष रमेश कुमार श्रीवास्तव को नमो नमो संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्री विनोद अग्रमोदी के द्वारा निर्देशित किया गया है। भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लेना है, एवं अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर संगठन को मजबूत बनाना इस संगठन का उद्देश्य है। रमेश श्रीवास्तव ने इस नियुक्ति से खुश हो कर राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष जी को दिल से शुक्रिया अदा करते हुए आभार व्यक्त किया है।

स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन संकुल सेमरिया में

अहिवार (समय दर्शन)। शासकीय प्राथमिक एवम् शा. उच्च प्राथमिक शाला पेंड्रीतराई, सेमरिया,प्राथमिक शाला कोकड़ी संकुल सेमरिया विकासखंड धमधा जिला दुर्ग स्वच्छता पखवाड़ा 2024 के तहत हरित शाला पहल,हाथ धुलाई दिवस के अंतर्गत आयोजन किया गया। शिक्षकों के द्वारा जल संरक्षण तथा सिंगल यूज प्लास्टिक को खत्म करने जैसे विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी विद्यार्थियों को दी गई ।छात्रों को जल संरक्षण के बारे में शिक्षित किया गया और प्राकृतिक स्त्रोतों के संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु प्रेरित किया गया । जल का उचित उपयोग के साथ साथ जल की बर्बादी को रोकने तथा रोजाना कम से कम 1 लीटर पानी बचाने हेतु प्रेरित किया गया ।इसी कड़ी में विद्यार्थियों को जल के विभिन्न स्त्रोत जैसे तालाब नल कूप के पास भ्रमण कराया गया तथा वहां तालाब के आसपास पड़े हुए सिंगल यूज प्लास्टिक को नष्ट भी किया गया तथा विद्यार्थियों को संकल्प कराया गया कि वह भविष्य में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे और जल स्त्रोतों के आसपास की स्वच्छता बनाए रखने में अपना योगदान देंगे। स्वच्छता शपथ के साथ स्वच्छता जागरुकता रैली निकाली गई ।हाथ धुलाई के विभिन्न चरणों को बताते हुए प्रतिदिन है धोकर खाना खाने के लिए प्रेरित किया और अपने घरों,आसपास के लोगो को भोजन के पहले और शौच के बाद नियमत: हाथ धोने के लिए जागरूक करने का संदेश दिया ।जल जनित रोग ,बीमारियो से बचाव ,पीने के पानी के सुरक्षित प्रबंधन हेतु बच्चों को जागरूक किया गया ।आज की संपूर्ण गतिविधि में संकुल प्रभारी महेंद्र सिंह ठाकुर, संकुल समन्वयक सूर्यकांत हरदेल, समस्त शाला के प्रधान पाठको, शिक्षको छात्रों,शाला के अन्य कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

युवा कांग्रेस का पोस्ट कार्ड अभियान

भिलाई/समय दर्शन। युवा कांग्रेस के द्वारा शनिवार को बलौदा बाजार आगजनी मामले में निर्दोषों के खिलाफ कार्यवाही पर लगातार युवा कांग्रेस प्रदर्शन कर रही पर प्रशासन के कानो में जु तक नहीं रेंग रही ।जिसमे आज राज्यपाल व राष्ट्रपति को चिठ्ठी लिख कर जेल से देवेंद्र यादव ,युवा कांग्रेस व एनएसयूआई के कार्यकर्त्ता की रिहाई की मांग की गई ,जल्द रिहाई नहीं हुई तो मुख्यमंत्री व गृहमंत्री के निवास क घेराव किया जायेगा ।पोस्ट कार्ड अभियान में मुख्यरूप से जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष विभोर दुरगकर , भिलाई नगर अध्यक्ष अर्जुन शर्मा ,वैशाली नगर अध्यक्ष पलाश लिमेष ,प्रदेश सचिव सीखा रॉय ,जिला उपाध्यक्ष सोएब ,जिला उपाध्यक्ष खिलेश ,जिला महासचिव प्रिंस शेरगिल ,जिला महासचिव भास्कर ,जिला महासचिव सतनाम सिंह ,जिला महासचिव एकांत साहू ,जिला महासचिव शुभम सिंह जिला महासचिव राज ,जिला महासचिव अफ़ज़ल ,जिला सचिव आर्यन बेग ,जिला सचिव सोनू ,संजीव यादव ,आकाश यादव ,शोहेल ,शुभम वर्मा ,पिंटू ,शशिकांत ,इरफ़न खान ,श्रवण मांझी ,अर्जुन यादव ,अंकुश आदि उपस्थित थे।

किरंदुल परियोजना में एमएसईएस हेतु वेंडर मीट व प्रशिक्षण

NMDC LIMITED
BIOM, KIRANDUL COMPLEX
VENDOR MEET FOR MSEs
TRAINING FOR GeM PROCUREMENT ON SERVICES
DATE : 13.09.2024
NMDC

दंतेवाड़ा /किरंदुल (समय दर्शन)। शुक्रवार को किरंदुल परियोजना में संजीव साही, मुख्य महाप्रबंधक के कुशल निर्देशन में मुख्य महाप्रबंधक के सम्मेलन कक्ष में परियोजना के अधिकारियों व परियोजना कार्यों में संलग्न एमएसईएस वेंडरों/कांट्रेक्टर्स के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण दो सत्रों में किया गया। प्रथम सत्र का आरंभ मुख्य अतिथि संजीव साही, मुख्य महाप्रबंधक को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। साथ ही, प्रियदर्शन गृहाचार्या, जैम पोर्टल एक्सपर्ट, रायपुर का भी पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। के.इलांगो, सहा.महाप्रबंधक (सामग्री) ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और आज के प्रशिक्षण के बारे में बताया। तत्पश्चात जैम पोर्टल एक्सपर्ट प्रियदर्शन गृहाचार्या ने परियोजना के अधिकारियों को जैम पोर्टल के बारे में विस्तृत रूप से बताया कि यह पोर्टल विभिन्न सरकारी विभागों/ संगठनों/ सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा आवश्यक सामान्य उपयोग की वस्तुओं और सेवाओं की ऑनलाईन खरीद की सुविधा प्रदान करता हे। इस जैम पोर्टल का लक्ष्य खरीद में पारदर्शिता, दक्षता और गति को बढ़ना है।

आगे एक्सपर्ट ने संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस (जैम) पोर्टल एक ऑनलाईन पोर्टल है। इसमें रजिस्ट्रेशन के कोई भी वेंडर/कांट्रेक्टर इस पोर्टल से जुड़ सकता है और सरकार के साथ बिजनेस कर सकता है। सत्र के दौरान अधिकारियों द्वारा जैम से संबंधित प्रश्न पूछे गए जिनका एक्सपर्ट ने बखूबी उत्तर दिया।

इसी प्रकार द्वितीय सत्र में भी परियोजना कार्यों में संलग्न वेंडरों/कांट्रेक्टर्स को भी जैम एक्सपर्ट ने जैम पोर्टल से संबंधित जानकारी दी और कहा कि आजकल ऑनलाईन का जमाना है तथा पारदर्शिता और कार्य में शीघ्रता लाने हेतु जैम पोर्टल का उपयोग महत्वपूर्ण है। इसके उपयोग से समय और कागज की बचत होती है। साथ ही, दस्तावेजों का आदान-प्रदान शीघ्रता से होता है। प्रशिक्षण में वेंडरों ने पोर्टल में आनेवाले दिक्कतों संबंधित प्रश्न पूछे वही एक्सपर्ट ने तुरंत निराकरण करते हुए उनकी दिक्कतों का समाधान किया ।

कार्यक्रम का संचालन सुशील चंद्र गुप्ता, सहा.महाप्रबंधक (सामगी) ने किया और धन्यवाद ज्ञापन के.इलांगो, सहा.महाप्रबंधक (सामग्री) ने किया। कार्यक्रम में आर. राजाकुमार, महाप्रबंधक (उत्पादन), एम.सुब्रमण्यन, महाप्रबंधक (विद्युत), एस.के. कोचर, महाप्रबंधक (खनन) सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण व नगर के वेंडर्स/कांट्रेक्टर्स उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमनसिंह ने डॉ.सम्पत अग्रवाल को जल्द स्वस्थ होने दिए शुभकामनाएं

- छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री, सांसद,विधायक सहित संघ पदाधिकारी अस्पताल पहुंच कर रहे मुलाकात

बसना (समय दर्शन)। बसना विधानसभा के भाजपा विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल को शुक्रवार देर रात अचानक हार्ट अटैक आया, जिसके बाद उन्हें तत्काल इलाज के लिए रायपुर के बालाजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार, उनकी हालत फिलहाल स्थिर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, रात करीब 11:30 बजे विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल को हल्का सीने में दर्द महसूस हुआ। उन्हें तुरंत बसना के अग्रवाल नर्सिंग होम ले जाया गया, जहां वरिष्ठ सर्जन डॉ.एन.के. अग्रवाल ने हृदयाघात की आशंका जताई और प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रायपुर के मोवा स्थित श्री बालाजी अस्पताल रेफर कर दिया। श्री बालाजी अस्पताल में चिकित्सक डॉ.देवेंद्र नायक और उनकी टीम की देखरेख में विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल का इलाज जारी है। विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल की अचानक अस्वस्थता से पूरे छत्तीसगढ़ में चिंता का माहौल है। विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल के स्वास्थ्य को लेकर प्रदेशभर में चिंता और प्रार्थनाओं का सिलसिला जारी है। उनके स्वास्थ्य की जानकारी जानने के लिए लोग श्री बालाजी अस्पताल पहुंच रहे हैं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल के अस्वस्थ होने की सूचना मिलते ही सोशल मीडिया पर उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना व्यक्त करते हुए लिखा कि बसना विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल जी के अस्वस्थ होने की सूचना प्राप्त हुई। राजधानी के बालाजी अस्पताल में उनका इलाज जारी है। ईश्वर से उनके शीघ्रातिशीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। तथा फोन काल करके विधायक से वार्तालाप कर उनके जल्द स्वस्थ होने की शुभकामनाएं दिए और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने भी सोशल मीडिया पर उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना व्यक्त करते हुए लिखा कि महासमुंद के बसना विधानसभा के बीजेपी विधायक श्री संपत अग्रवाल जी के हृदयाघात का समाचार प्राप्त हुआ। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उन्हें शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें और श्री अग्रवाल जी जल्द ही पूरी तरह से स्वस्थ होकर बसना के सेवा में वापिस लौटें। तथा फोन काल करके विधायक से वार्तालाप कर उनके जल्द स्वस्थ होने की शुभकामनाएं दिए। श्री राजीव लोचन महाराजजी, छत्तीसगढ़ सरकार के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू,स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद श्रीमती रुपकुमारी चौधरी,आरंग विधायक खुशवंत साहेब, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, विधायक मोतीलाल साहू, छत्तीसगढ़ विधानसभा पूर्व अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, अमित चिमनानी,संघ पदाधिकारी, आदिवासी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष विकास मरकाम, रायपुर ग्रामीण पूर्व विधायक नंदे साहू, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, विधानसभा प्रभारी अमरजीत सिंह छाबड़ा, विधानसभा संयोजक डॉ एनके अग्रवाल आदि प्रमुख जनों को घटना की जानकारी मिलते ही वे अस्पताल पहुंचे और विधायक का हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

वहीं अपने अमेरिका प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ सरकार के उप मुख्यमंत्री अरुण साव,संगठन महामंत्री पवन साय एवं वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने फोन से वार्तालाप कर विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल की जल्द स्वस्थ होने की शुभकामनाएं दिए। श्री बालाजी हॉस्पीटल रायपुर मे उनका उच्च स्तरीय सतत चिकित्सा सेवा चल रही है। मिली जानकारी के अनुसार बसना विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल स्वस्थ होकर बहुत जल्द जनता जनार्दन के बीच होंगे ।

क्षेत्र में उनके स्वास्थ्य मे गड़बड़ी की सूचना मिलते ही ,उनके चाहने वाले विभिन्न मत मतांतर के हजारों महिला,पुरुष हर वर्ग के लोग अपने नेता के स्वास्थ्य लाभ की कामना हेतु व्रत,उपवास,पूजा, प्रार्थना,अनुष्ठान ,दुआ करने लग गये।

एकदन्त गणेशोत्सव समिति पदमपुर रोड बसना द्वारा आज महाप्रसाद वितरण

बसना (समय दर्शन)। बसना नगर के पदमपुर रोड गायत्री मंदिर के सामने एकदंत गणेशोत्सव समिति द्वारा सप्तम वर्ष गणपति बप्पा की आकर्षक व नयनाभिराम, विशाल मूर्ति की स्थापना की गई है ,जहां श्रद्धा और भक्ति से ओत-प्रोत होकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु कुटुम्ब परिवार के साथ पहुँच कर सुबह-शाम गणपति बप्पा की श्रद्धा भाव से आरती पूजा पाठ की जा रही है ।

समिति के सदस्यो ने बताया कि 10 सितंबर को 56 भोग एवं मानस मंडली का कार्यक्रम किया गया । 15 सितंबर को भजन संध्या का कार्यक्रम रखा गया था। आज 16 सितम्बर 2024 दिन सोमवार को मध्याह्न मे गणपति बप्पा का महाप्रसाद का आयोजन रखा गया है। आयोजन समिति के सदस्य हर्ष अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, सुभम अग्रवाल,भविष्य साहू, गोपाल अग्रवाल, नीरज अग्रवाल,आर्यन अग्रवाल,अक्षत अग्रवाल,आयुष अग्रवाल,संदीप वाधवा, गगन वाधवा,आदर्श अग्रवाल,शिवमअग्रवाल विजय अग्रवाल, नितेश अग्रवाल,अक्षत अग्रवाल,तुषारअग्रवाल,अमनअग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, निखिल अग्रवाल एवं समिति के संयोजक सदस्य डॉ.गजानंद अग्रवाल ने सभी श्रद्धालु भक्त जनों से अपील करते हुए कहा है कि ,इस पावन अवसर पर आयोजित गणपति बप्पा जी के महाप्रसाद वितरण मे आप सभी सादर पधारकर महा प्रसाद ग्रहणकर जीवन को धन्य बनावें ।

शिक्षक प्रेमचन्द साव हिन्दी राष्ट्र गौरव सम्मान से हुए सम्मानित



Reg.No.UP/2020/0263307

राष्ट्रीय हिन्दी दिवस 14 सितम्बर के अवसर पर आयोजित

राष्ट्रीय कवि सम्मेलन एंव सम्मान समारोह

हिन्दी राष्ट्र गौरव सम्मान

2024

श्री/श्रीमती/कु.
प्रेमचन्द साव
शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला
अरेकेल
जिला महासमुन्द,छत्तीसगढ़

राष्ट्रीय हिन्दी दिवस के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय कवि सम्मेलन एंव सम्मान समारोह में प्रतिभाग करते हुए आपके द्वारा राष्ट्र भाषा हिन्दी के उत्थान के लिए अमूल्य योगदान को देखते हुए आपको

हिन्दी राष्ट्र गौरव सम्मान

से अलंकृत करते हुए शान्ती फाउंडेशन आपके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करती है।

रमेश आनन्द
(प्रधानाचार्य)
शान्ती मेमोरियल स्कूल गोण्डा

सुनील कुमार आनन्द
(संयोजक)
राज्य अध्यापक पुरस्कृत शिक्षक

श्रीमती पिंकी देवी
(अध्यक्ष)
शान्ती फाउंडेशन गोण्डा

शान्ती फाउंडेशन गोण्डा उत्तर प्रदेश (कार्य क्षेत्र सम्पूर्ण भारत)
Email: shantifoundationgonda1520@gmail.com, Mo+ 91 8545013417

बसना (समय दर्शन)। राष्ट्रीय हिन्दी दिवस के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में निरंतर प्रतिभागी बनने,राष्ट्र भाषा हिन्दी के उत्थान के लिए अमूल्य योगदान, विद्यालय में बच्चों में लेखन कौशल, साहित्य विकास,भाषायी कौशल, हिंदी साहित्य के विभिन्न विधाओं जैसे दोहा,सोरठा,माहिया,निबंध,संस्मरण एवं विभिन्न छंदों में काव्य व गद्य सृजन करने हेतु शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अरेकेल के शिक्षक प्रेमचन्द साव को शांति फाउंडेशन गोण्डा द्वारा कार्यक्रम संयोजक सुनील आनंद,अध्यक्ष शांति फाउंडेशन श्रीमती पिंकी देवी द्वारा हिन्दी राष्ट्र गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। शिक्षक प्रेमचन्द साव के सम्मानित होने पर शिक्षक हीराधर साव, राजेश मिश्रा,त्रिविक्रम प्रधान,लक्ष्मण पटेल,धनीराम नंद,डोलामणी साहू,सुशील प्रधान,राकेश कुमार सिंह,अनिल साव, सीमा राव, राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका अर्चना शर्मा,वारीश कुमार,सरविंद सिदार,अंकेश महिपाल परशुराम चौहान,सुनीला फ्रेंकलिन,राजेश पटेल,विनीता ताण्डी,वीरेंद्र नर्मदा, बसना विकास खंड स्रोत समन्वयक समग्र शिक्षा पूर्णानंद मिश्रा सहित अधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई प्रेषित किया गया है।

गोंडगिरी शाला में मनाया गया हिंदी दिवस

शासकीय उच्च माध्य.विद्यालय गोंड

अहिवारा (समय दर्शन)। शा. उ. मा. वि. गोंडगिरी में आज हिंदी दिवस पर प्राचार्य डॉ. ए. के. भारद्वाज ने पारम्परिक भाषा एवं आर्टिफिशल इंटेलिजेंस पर अपना ब्याख्यान दिया। हिंदी दिवस पर स्काउट एवं गाइड के विद्यार्थियों के साथ शाळा के अन्य विद्यार्थियों ने भाषण कविता तथा निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। इसके अलावा स्वच्छता पखवाड़े का प्रथम दिन में प्राचार्य एवं शाळा के शिक्षकों ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर शाला प्रांगण में सफाई अभियान चलाया अंत मे वृक्षारोपण कर हिंदी दिवस तथा स्वच्छता पखवाड़े का प्रथम दिन को अंतिम रूप प्रदान किया।

सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति नंदिनी टाऊनशिप मार्केट

नव युवा गणेश उत्सव समिति वार्ड नं 09, अहिवारा

सिध्दी विनायक गणेश उत्सव समिति नंदिनी टाऊनशिप मार्केट

ईद मिलादुन्नबी की
ढेरो मुबारक
मोहम्मद अर्श
मो. दिलावर रोकड़िया

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्पलेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर,
समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2024-26